सरकार ने ओर चीजें तो सारी कनडोन कर दी परन्तु उनको हड़ताल के दिनों की तन्खाह नहीं मिली, वह भी दे देनी चाहिएं कोई ऐसी बात नहीं है, हमें इनकी ओर भी देखना चाहिए। तीसरी बात स्टाइपेंडरी टीचर्ज के बारे में है। जो टीचर्ज स्ट्राइक के दौरान लगाये गये हैं उनको अभी तक रेगूलर नहीं किया गया। रेगूलर न होने के कारण से उनके ट्रांसफर भी नहीं होते हैं। उन्होने हड़ताल के दौरान सरकार का सहयोग दिया ओर हमारे बच्चों का भला कियां जिस तरह से हमारे मुख्यमंत्री जी ने बड़ी फराखदिली से प्रोफेशनल टैक्स माफ कर दिया इसी तरह से एक दफा फराखदिली से उनको भी रेगूलर करने की कृपा करेंगे। यह दो चीजें मैंने टीचर्ज के बारे में अर्ज की हैं उन पर सरकार अवश्य गौर करेगी क्योंकि काफी बड़ी तादाद में 55–60 हजार टीचर्ज हैं। उनके परिवारों का गुजारा ठीक प्रकार से चल सकेगा। वे हमें दुआयें देंगे। हमें दुआयें लेने की जरूरत नहीं है। हम काम करते जायेंगे, बेशक बददुआयें दें। हम तो जानते हैं। न्याय करने वाला भगवान है–

जतेा धर्मा ततो जयः

सत्यमेव जयते।।

हमेशा सच्चाई की जीत होती है। उसी सच्चाई पर कांग्रेस की बुनियाद है। गांधी जी सत्य और अहिंसा के असूल पर चले थे उसी पर यह कांग्रेस चल रही है। आज इनका झण्डा

देखिए और हमारे को देखिएं हमारा तिरंगा झण्डा है उसमें भगवा, हरा और सफेद रंग हैं। इन्होंने अपना झण्डा दुरंगा कर दिया, सफेद निशान को हटा दिया। सफेद शान्ति का प्रतीक है लेकिन ये विरोधी दल वाले शान्ति नहीं चाहते इसलिए इन्होंने इस निशान को हटा दिया, शान्ति के प्रतीक को हटा दिया है। ये शान्ति नहीं चाहते, अशान्ति चाहते हैं। यह तो इनका हाल है। मैं ज्यादा न कहता हुआ, राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर धन्यवाद के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए और आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

**चौ. शिव राम वर्मा**: स्पीकर साहब, क्या मुझे टाईम नहीं मिलेगा?

**श्री अध्यक्ष**: आपको भी टाईम मिलेगा।

**शिक्षा मंत्री** (पंडित चिरंजी लाल शर्मा): स्पीकर साहब, मेरा बोलने का विचार तो इतना नहीं था लेकिन कुछ दोस्तो ने तनजन कहा कि क्यों मोहरे खामोसी लगाये बैठे हो, बोलते ही नहीं हो। ट्रेजरी बैंचिज की तरफ से सिर्फ मुख्यमंत्री जी ही जवाब देते हैं तो मैंने अपना फर्ज अव्वलीन समझा कि कुछ गलतफहमी को दूर करूं। स्पीकर साहब, बड़े गौर से उनकी तकरीर को सुना जो विरोधी दल के माननीय सदस्य कल से इस सदन में कर रहे हैं। किसी डैमोक्रेसी में सरकारी पार्टी, हकूमती पार्टी ओर अपोजीशन पार्टी एक साइकिल के दो पहिए होते हैं। मैं यह

समझता हूं कि एक हैल्दी डेमोक्रेसी मं एक अच्छी अपोजीशन का होना निहायत जरूरी है मगर दुर्भाग्य की बात है कि अपोजीशन बतौर खूबसूरत अपोजीशन के अपना रोल अदा नहीं करती जा रही है।

स्पीकर साहब सन् 1962 में अर्स्टवायल पंजाब में मैं मैम्बर असैम्बली बन कर आया था और इंडिपैन्डेन्ट कैपेसिटी में आया था और तमाम पंजाब में से सब ज्यादा राय लेकर आया था। हमने एक प्रोग्रेसिव इंडिपेन्डेन्ट पार्टी बनायी यानी मेन अपोजीशन। मैंने उस पार्टी का सैक्रेटरी बना और पांच साल तक सैक्रेटरी रहा। मैं जानता हूं कि कितना दबाव मुझ पर डाला गया, कितने डोरे मुझ पर डाले गये, मुझे बुलाया गया कि कांग्रेस में आ जाओ। सरदार प्रताप सिंह कैरों जिनदा नहीं हैं लेकिन उनके दस्तेराज पंडित मोहन लाल आज भी मौजूद हैं वे तीन दफा मेरे घर गये और कहने लगगे कि सरदार साहब कहते हैं कि पंडित जी को कांग्रेस में ले आओ, हम उनको वजीर बना देंगे। मैंने कहा कि मुझे आजाद हैसियत से इलैक्ट्रोरेट ने चुनकर भेजा है, मैं उनके साथ विश्वासघात नहीं करूंगा, चोला नहीं बदलूंगा और ट्रेजरी बैंन्चिज पर जाने का स्वप्न नहीं लूंगा। पांच साल तक मैं अपोजीशन बैंचिज पर ही रहा। मुतहदा पंजाब में बड़ी स्ट्रौंग अपोजीशन थी। 90 ट्रेजरी बैंचिज में थे और 64 मैम्बर अपोजीशन में आये थे। उन दिनों चौ. देवी लाल, जस्टिस गुरनाम सिंह आदि भी अपोजीशन में होते थे लेकिन कोई दूसरी तरफ जाने का नाम

तक नहीं लेता था। सबने पांच साल तक अपने अपने कर्तव्य का पालन किया और आज आप देख रहे हैं क्या हाल हो रहा है? स्पीकर साहब हमारे विरोधी दल के भाई 29 अपोजीशन के आये थे और 52 कांग्रेस बैंचिज पर आये थे और 29 में से इमीजीएटली आफटर दी इलैक्शन कांग्रेस में आने की सोचने लगे।

स्पीकर साहब राज्य सभा का इलैक्शन हुआ। उसका नतीजा आपके सामने है। विरोधी दल की तरफ से चौ. देवी लाल जी खड़े हुए थे। विरोधी दल के भाई बड़े आराम से एक मेम्बर बना सकते थे लेकिन सिर्फ दस राय उनको मिली। कांग्रैस पार्टी ने श्री कृश्णकान्त को खड़ा किया था और दूसरे चौ. रणबीर सिंह को खड़ा किया था, इस ख्याल से कि शायद कुछ राय मिल जायेंगी और उनको मिली। कांग्रेस के दोनों केन्डीडेंट राजय सभा के लिए चुने गये। मैं इस सिलसिलें में आपको बताऊ जिन दिनों में मुतहदा पंजाब में मेम्बर था, हमने लाला जगत नारायण को राज्यसभा के लिए अपोजीशन से खड़ा किया था। पंडित मोहन लाल और पंडित भगवत दयाल ने मुझे दिल्ली कैनाल रैस्ट हाउस में बुलाया। मैंने उनसे फरमाया, बताईये किस लिए याद किया है। मेरे उनके साथ जाती तौर ताल्लुककात थे, उन्होंने कहा कि आप जगत नारायण को मेम्बर बनाना चाहते हैं, यह तो बहुत बुरी बात है। उन्होंने कहा कि मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि आप जगत नारायण को राय न दें। मेरा एक ही जवाब था कि पंडित जी मेरे दिल में आपका बड़ा अहतराम है लेकिन मैं अपोजीशन का सैक्रेटरी

हूं, आप ये चाहते है कि मैं विश्वासघात करूं हमारी पार्टी ने खड़ा करने का निर्णय ले लिया है, मैंने सिर्फ उनको राय दूंगा बल्कि डट कर बनायेंगे और हमने लाला जगत नारायण को बनाया। अभी चौ. देवी लाल जी यहां पर नहीं हैं, मैं उनसे यह हां भरवाया कि प्रोफेसर शेर सिंह असैम्बली का चुनाव हार गये थे। उनको हमारी पार्टी ने अपर हाउस के लिए खड़ा कर दिया। रात के पौने दो बजे एम.एल.ए. होस्टल में आकर मुझे देवी लाल जी ने जगाया कि पंडित जी इज्जत का सवी हैं। मैंने कहा चौ. देवी लाल क्या बात है? उनका ख्याल था कि पंडित श्री राम शर्मा ने मुझसे यह कह दिया होगा कि प्रोफेसर शेर सिंह को राय न दी जाये। मैंने चौ. देवी लाल जी को कहा कि आप मेरे कैरेक्टर से वाकिफ नहीं, मेरी राय प्रोफेसर शेर सिंह की है। मैं अपोजीशन का सैक्रेटरी हूं। यह तो हमारी नामोसी है। क्या आप हमें इतना कच्चा समझते हैं, क्यों हमारी जीयत पर आप शुबाहा करते हैं। यह दुर्भाग्य से यहां विराजमान नहीं हैं, वरना उनसे इन सभी बातों की हां करवाता, हमने प्रोफेसर शेर सिंह को 3/4 राय की मेजोरिटी लेकर जिताया। एक तो यह कैरेक्टर था और एक यह आज का कैरेक्टर है। मैं किसी व्यक्ति की जात पर हमला नहीं करता। जब इलैक्शन हुआ तो 29 मैम्बर अपोजीशन के बन कर आये थे और असैम्बली खुलते ही मैंड रेस चली जैसे कि रेलवे स्टेशन पर गाड़ी खड़ी है उसमें बिना टिकट लिए हुए ही जो चाहें चढ़ जाओ। असैम्बली मीट करने से पहले ही कभी हरियाणा भवन में, कभी कहीं कदमबोसी करनी शुरू कर दी कि हमें कांग्रेस में ले लो, हमें

कांग्रेस में ले लो। मैं नहीं समझता कि अगर उन लोगों ने जनता के साथ विश्वासघात नहीं किया तो क्या किया? (तालियां) आज ट्रेजरी बेचिंज वालेां को ये कहते हैं कि कुर्सियां छोडऋ दो कि जनता ने फतवा दे दिया है, पार्लियामेंट के इलैक्शन में हार गये हो। हिन्दुस्तान की जनता ने कांग्रेस के खिलाफ फतवा दिया है, हमने बड़ी खूबसूरती से उसको तसलीम किया है।

हमारी पार्टी की महान नेता, देश की महान नेता और हमारी भूतपूर्व प्रधानमंत्री ने किस खूबसूरती से हैंडओवर किया है। जहां तक असैम्बली इलैक्शन का ताल्लुक है, वह तो मैदाने कारगुजारी में पता चलेगा, लड़ाई के मैदान में फिर दो–दो हाथ होंगे। अगर हरियाणा की जनता असैम्बली के इलैक्शन में हमारे खिलाफ फतवा देगी तो हम उसके सामने सिर झुका देंगे?

**चौ. भजन लाल**: सिर नहीं झुकाओंगे तो क्या करोंगे?... ..(व्यवधान).....

**श्री बनारसी दास गुप्ता**: और तरीका भी क्या है सरकार बदलने का? .....

**पंडित चिरंजी लाल शर्मा**: स्पीकर साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि–

चमन बहार लुटाकर चमन नहीं रहता,

बतन न कहियें उसको जो वतन नहीं रहता।

मुरझाया हुआ फूल और चली हुई गोली एक समान होती है। मुरझाये हुए फूल में वह खुशबु नहीं रहती जो पहले थी, और न ही उस गोली में दागने की ही ताकत रह जाती है। चाहे लाख कोई चली गोली को दागने की कोशिश करे मगर वह कोई नुक्सान नहीं पहुंचा सकती।

हकीकत से आशनां हूं वाकफे इकरारे हस्ती हूं।

समझता हूं मगर दुनियां को समझाना नहीं आता।

गुजारिश यह है कि मेरे माननीय साथी चौ. भजन लाल आज अपोजीशन के बैंचिज पर जलवे फरीशां हैं। मेरे दिल में उनके लिये बहुत अहतराम है। मैं उन पर कोई जाति हमला नहीं करूंगा। दूसरे जो अपोजीशन के मैम्बरान है, उनके लिये भी मेरे दिल में इज्जत हैं। वह इन बैचिज पर चुनकर आये हैं। मैं चौ. भजन लाल जी से जो आज हमें यह कहते हैं कि इस्तीफा दे दो, यह पूछना चाहता हूं कि वह अपने सीने पर हाथ रखकर देखें कि उनके सीने की क्या आवाज है? इस्तीफा उन्हें देना चाहिए न कि हमें। (व्यवधान) ..... इसलिये इस्तीफा अब आपको देना चाहिये। (व्यवधान)

**चौ. भजन लाल**: दो हल्कों से कांग्रेस जीती है मगर बाकी सब जगहों से हारी है। .....

**पंडित चिरंजी लाल शर्मा**: स्पीकर साहब, अपोजीशन के रोल के बारे में कुछ कहूं तो मेरे अपोजीशन के भाई मुझे माफ

करेंगे। मैं आपकी इजाजत से यह अर्ज करना चाहता हूं कि जब एक माननीय सदस्य के खिलाफ प्रिविलेज कमेटी की रिपोर्ट इस सदन में आयी और उसके द्वारा यह फैसला कर दिया गया कि उनको हाउस की मैम्बरी से हटा दिया जाये तो यह लोग कहां थे? मैं ये पूछना चाहता हूं कि हरियाणा की अपोजीशन में से किस अपोजीशन के मैम्बर ने उस रैज्योलूशन का विरोधी किया था। जिस मैम्बर को हटाया गया था वह अपोजीशन के थे? उस वक्त कितने ही आदमी अपोजीशन के यहां पर थे लेकिन क्या किसी ने उसका विरोध किया? (व्यपधान).....आप हाउस की प्रोसीडिंग्ज निकाल कर देख लें। हाउस की प्रोसीडिग्ज आपके सामने हैं। स्पीकर साहब, मैं उन्हें बड़े अदब के साथ यह कहना चाहता हूं कि शीशें के महल में बैठकर दूसरों पर पत्थर मारना अच्छा नहीं लगता। हमारी बदकिस्मती यह है कि जो हमारे अपोजीशन के भाई यहां अपोजीशन के बैन्चिज पर आये, उनमें पता नहीं क्यों कमजोरी है? कमजोरी क्या है—छोटे छोटे काम करवाने की। वे यह सोचते हैं कि अपोजीशन में रहेंगे तो काम नहीं होंगे। मैं हाउस की इन्फर्मेशन के लिये यह बता देना चाहता हूं कि मैं अपोजीशन का सैक्रेट्री था जिस वक्त पंजाब में स्कूल अपग्रेड करने का सवाल आया। श्री प्रबोध चन्द्र उस समय एजुकेशन मिनिस्टर होते थे। उन्होंने काह कि एक एम.एल.ए. का एक स्कूल अपग्रेड होगा, कोई सा करवा लो। लेकिन मैं यहां पर यह बाता देना चाहता हूं कि मैं ही वह शख्स था जिसने अपने इलाके गन्नौर में 12 स्कूल अपग्रेड करवाये थे। Maximum number of schools were upgraded in my

constitutency मैंने किसी की खुशामदनहीं की और न ही किसी की चापलूसी की और न ही किसी को यह विश्वास दिलाया कि मैं कांग्रेस में आऊंगा। अगर ये इकट्ठे रहे और मेरी तरह करते तो कोई वजह नहीं थी कि इनके 29 सदस्य चुनकर आये थे जोकि अब घटकर 18 रहे गए हैं इनकी बात कोई न सुनता। 18 भी तब हो एग हैंजब कि हमारे कुछ भाई महीना–बीस दिन पहले हमसे नाराज होकर उधर चले गये। जैसे मैंने अर्ज किया कि अपोजीशन का होना बहुत जरूरी है ताकि बरसरे इकतदार पार्टी के अन्दर कहीं ताकत का नशा न आ जाये। जो उनमें गलतियां आ जायें, जो उनकी नालायकियां हों, जो उनकी खामियां हो, वह उन्हें प्वायंट आउठ करें। तो मेरा कहने का मतलब यह है कि अपोजीशन का यह फर्ज बनता है कि वह हमारी गलतियां प्वायंट आउट करे और हमारे कान खीचे लेकिन यह अपना फर्ज निभाने में नाकामयाब रहे है। इस सदन के सामने कुछ दिन पहले गवर्नर एड्रैस पढ़ा गया और आज कुछ दिनों के बाद उस पर डिस्कशन हो रही है। उन्होंने जो इल्जामात लगाये हैं, उनको यह पता है कि उनका हमने जवाब देना है। आपने देखा है कि इन दो दिना के अन्दर लगाये गये इज्जामात का जवाब सुनने के लिये कितने मैम्बरों की दिलचस्पी है। वे लोग तो अपनी बात कह कर यहां से चले गये लेकिन उनका जवाब सुनने के लिये उनका होना बड़ा लाजमी था। मैं यह कह रहा था कि हमारी राजनीति इतनी नीची सतह तक जा चुकी है कि उसमें व्यक्तिगत तौर पर यानी जाति तौर पर हमले किये जाते हैं। एक आदमी को निशाना बनाकर उस

पर अटैक किया जाता है। मैं किसी भाई का नाम नहीं लेता? लेकिन क्या यह राजनीति है? हमारी पार्टी पर आप कटाक्ष करें, हमारी पालिसी पर आप कटाक्ष करें लेकिन एक व्यक्ति को निशाना बनाकर कटाक्ष करना कहां की शोभा की बात है? मेरे विचार से ऐसा नहीं होना चाहिये। मैं नहीं बोलना चाहता था लेकिन कल एक माननी य सदस्य ने यहां पर यह जिक्र किया कि इस राज्य के मिनिस्टर के खिलाफ इस एमरजैन्सी के दौरान जलूस निकलता है और उसके खिलाफ नारे लगते हैं। स्पीकर सहाब, वह मंत्री मैं ही था। मेरे ही खिलाफ नारे लगे थे कि 'चिरंजी लाल की क्या पहचान, लुच्चा गुण्डा और बेईमान।'' मेरी अपनी कांस्टीच्यूएंसी सोनीपत में जिसका मैं नुमान्यदा हूं, यह नारे लगे थे। लेकिन सपीकर साहब, आप हमारी यह फिराखदिली देखिये, जमहूरियत पर अमल देखिये कि हमारे पास ताकत थी, पुलिस कप्तान था, डिप्टी कमिश्नर भी था, लेकिन हमने उनको कुछ नहीं कहा। मैंने कहा कि यह नादान बच्चे हैं, इनको कुछ नहीं कहना हैं लेकिन शायद यह बात हमारे अपोजीशन के भाइयों को बर्दाश्त नहीं थी यह नहीं चाहते थे कि मेरी कार पर झण्डा लहराये। गुप्ता जी उन दिनों हास्पिटल में थे। जब मैं इनसे मिलने के लिये कर्टसी काल पर गया तो गुप्ता जी मेरे से कहने लगे कि आपने उनको गिरफतार क्यों नहीं करवा दिया? मैं इन्हें यह साफ कर देना चाहता हूं कि मैं अगर बेईमान हूं तो मुझे राजनीति में जिन्दा रहने का कोई हक नहीं है। मैंने अगर 5 रूपये तो बहुत बड़ी बात है, 5 पैसे की भी हेरा–फेरी की तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। मुख्यमंत्री जी के नोटिस

मैं जब यह बात आयी और जब मैं उनके पास मिलने के लिये अस्पताल गया तो उन्होंने कहा कि वे कौन–कौन हैं, मुझे नाम बताओं, आई.जी. को कहकर अभी पकड़वाला हूं। मैंने उनसे कहा गुप्ता जी, नादान बच्चे हैं, वे बहकाये गये हैं। उनको गिरफ्तार करवा कर कल छुड़ाने के लिये भी फिर मुझेही आपकी खुशामद करनी पड़ेगी। वे तो नादान बच्चे हैं, कुछ आदमियों ने उनको गुमराह कर दिया। मेरी तो उससे सोनीपत में इज्जत बढ़ी है। शादय एक लाख रूपया खर्च कर प्रोपेगण्डा करवाता तो भी मुझे शायद उतना सम्मान नहीं मिलता जितना इनकी इस नारेबाजी से मिला है। लेकिन मुख्यमंत्री जी यह कहने लगे कि नही, अभी आई. जी. से कहता हूं। मैंने इनकी बड़ी खुशामद की कि अप कृपया इसे जाने दें। तक यह कही मानें। लेकिन फिर 19 तारीख को गोहाने के तीन ट्रक लाये। फिर नारेबाजी की। मैंने मुख्यमंत्री जी से कहा कि सोना जितना तपेगा उतना ही ज्यादा चमकेगा, सुरमा जितना छिसाओगे उतना ही आंखों के लिये लाभदायक रहेगा और मेंहदी जितना रगड़ोगे उतना ही ज्यादा रंग देगी। स्पीकर साहब, मैंने उनसे यह कहा कि जितना हमारा विरोध होगा उतनी ही यहां पर पार्टी को इज्जत बढ़ेगीं स्पीकर साहब मैं इस बारे में यहां पर कुछ भी नहीं कहना चाहता था लेकिन हमारे एक भाई ने जब यह कहा कि हमारी स्टेट में एक मंत्री की यह पोजीशन थी तो मुझे यहां पर बोलना पड़ा। हमारी पार्टीकी फराखदिली थी, महात्मा गांधी ने यह रास्ता दिखाया था जिसकी पार्टी से हम ताल्लुक रखते हैं। उस महात्मा ने अहिंसा का रास्ता दिखाया था जिसकी

पार्टी से हम ताल्लुक रखते हैं। उस महात्मा ने अहिंसा का रास्ता अपनाया और इतने बड़े राज्य का यहां से सफाया कर दिया जिसकी सलतनत में कभी सूरज छिपता भी नहीं था। यह नीति हमने गांधी जी से सीखी वरना ये जो नारेबाजी करने वाले कच्ची उम्र के कालिजों में पढ़ने वाले बच्चे थे उनको जेल की सलाखों में बन्द कर दिया जाता। लेकिन डेमोक्रेसी के अन्दर लोगों को यह अधिकार है कि वे अपने रोश को जाहिर करें। हमने उनको मौका दिया कि अगर हमारे अन्दर को त्रुटि हैं तो वे बताएं। जहां तक नारेबाजी का ताल्लुक है, मैं किसी पर आक्षेप नहीं करता, आपने अखबार में पढ़ा होगा और रेडियो पर भी सुना होगा कि बाबू जगजीवन राम की कोठी पर नारे लगे, जनता पार्टी मुर्दाबाद और मुरारजी देसाई जो हमारे प्रधानमंत्री हैं और जो पक्के गांधीवादी हैं जिनके लिए हमारे मन में बहुत श्रद्धा है उनकी कोठी पर भी नारे लगे सी.एफ.डी. मुर्दाबाद। जार्ज फर्नांडिज के खिलाफ भी नारे लगे। स्पीकर साहब, डेमोक्रेसी के अन्दर किसी की जुबान पर लगाम नहीं लगाई जा सकती। स्पीकर साहब, हमारी फराखदिली का तो यह आलम है कि ये इलेक्शन करवाए गए वरना अभी टाइम रहता था। अपोजीशन वाले कहते थे कि इलेक्शंज में बड़ी भारी बिकरिंग हो रही है, गवर्नमैंट मशीनरी यूज की जा रही है, डिप्टी कमीश्नर और पुलिस कप्तान इसमें दखल अन्दाजी कर रहे हैं। लेकिन आज वही अपोजीशन बेन्चिज हमारे सोर एडमिनिस्ट्रेशन को खराजे अकीदत पे करते हैं और उन्होंने कहा है कि Credit goes to the treasury benches not to these benches. स्पीकर साहब,

इलेक्शंज के दौरान सारे हिन्दुस्तान मे आपको कोई मिसाल नहीं मिलेगी कि कांग्रेस ने कहीं पर भी विरोधी दल के जलसों को डिस्टर्ब किया हो। कहा जाता है that every thing is fair in love and war. इस चीज को सामने रखकर ये लोग चूंकि बहुत निराश हो चुके थे, गड़बड़ करनी शुरू की। मैं गांवों में गया वहां पर जनता पार्टी जिन्दाबाद के नारे लगते थे। मैंने कहा कि बच्चों का अधिकार है। बच्चों का जिस तरह सिखाया जाता है वे कहने लगते हैं लेकिन मैंने कहा कि किसी के जलसो ंमें गड़बड़ न करो। मैंने कहा कि मैं आज वजीर की हैसियत से नहीं आया हूं मैं तो एक कांग्रेसी के कार्यकर्ता की हैसियत से आया हूं। स्पीकर साहब, मेरी कार पर रोड़े फैंके गए। वह ड्राईवर को लगा, मेरे पी.ए. को पत्थर लगा। मैं हरिजनों की चौपाल का उद्घाटन करने के लिए गया। मैं वहां राय नहीं मांगने गया था। वहां पर दस–बारह लड़कों ने डले फैंके। मेरे एक साथी ने कहा कि पर्चा रजिस्टर कराओ। मैंने कहा नहीं इनको कुछ लोगों ने गुमराह कर दिया अरग इनको पकड़ा जाएगा तो इनका नुक्सान होगा। सोनीपत के शहर की 85 हजार की आबादी है। शहर में जलसे हुए। वहां पर कोई नाराजगी इलेक्शन के दौरान डिमोरेलाइज करने की कोशिश नहीं की लेकिन बहुत जगहों पर ईटें बरसी, मीटिंगे डिस्टर्ब की गई लेकिन हमने फराखदिली से पुलिस वालों को कहा कि बैठ जाओ। आपको कुछ करने की जरूरत नहीं है। स्पीकर साहब, इलैक्शन के दौरान सरकार ने, हमारी पार्टी ने न सिर्फ हरियाणा प्रान्त में बल्कि हिन्दुस्तान की सरकार ने बड़ी फराखदिली और जिन्दादिली का

सबूत दिया है। हम तीस साल तक बरसरे इकतदार रहे हैं। कोई सारी जिन्दगी का सबूत दिया है। हम तीस साल तक बरसरे इकतदार रहे हैं। कोई सारी जिन्दगी का हमने ठेका नहीं लिया है। हमारी नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी के बारे में कहा जा रहा था कि यह इलेक्शन नहीं करवाती, यह डिक्टेटर बनना चाहती हैं। उस बहादुर बाप की बहादुर बेटी ने कितना दिलेराना फैसला किया यह कोई छोटी बात नहीं थी। पार्लियामेंट एक साल तक और चल सकती थी। उन्होंने यह फैसला इसलिए लिया कि हिन्दुस्तान की जनता के दिमाग में यह ख्याल न आ जाए कि मैं डिक्टेटर बनना चाहती हूं। हिन्दुस्तार की जनता इसका निर्णय करे। 1971 में जब इलेक्शन हुआ तो वह भी 14 महीने पहले करा दिए थे और हिन्दुस्तान की जनता ने इनके खिलाफ फैसला दे दिया था। स्पीकर साहब, इस जीत को देखकर विरोधी दल के भाई इतने उफनने लगे हैं। जीत की खुशी मनाना इनका अधिकार है लेकिन उसकी भी एक हद होती है। जूते फैंकना, रोड़े, फैकना मेरे ख्याल में राजनीति यह इजाजत नहीं देती। स्पीकर साहब, फैमिली प्लानिंग के बारे में बहुत कुछ कहा गया। मुख्यमंत्री महोदय के बयान के बाद जो उन्होंने इस सदन में पिछले दिनों दिया, मेरे ख्याल में अब कुछ कहने की जरूरत नहीं है। विरोधी दल के भाईयों के पास कहने के लिए और कुछ नहीं है। स्पीकर साहब, हरियाणा में एक कहावत है आगे पीछे नीम तले। इनके पास कोर्ठ और बात कहने के लिए नहीं है। स्पीकर साहब, 1901 में हिन्दुस्तान की आबादी बीस करोड़ थी जबकि बर्मा भी हिन्दुस्तान

में था। 1947 में पाकिस्तान बनने के बाद तीस–इक्ततीस करोड़ थी और आज हमारी आबादी साठ–इकसठ करोड़ को पर कर चुकी है। यह फैमिली प्रोग्राम कोई नया प्रोग्राम नहीं है। स्टरलाइजेशन होती रही है ओर हर साल आप्रेशन होते रहे हैं। स्पीकर साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि कोई काम होता है तो गल्ती भी होती है और गल्ती हुई है और हमने उन गल्तियों को ओन किया है। हमारे चीफ मिनिस्टर ने उस रैसपांसिबिलिटी को किसी दूसरे के कन्धों पर डालने की बजाए आप ओन करके एक बहादुरी का सबूत दिया है। आज विरोधी दल के भाई हर बार उसी चीज को रिपीट करते हैं। स्पीकर साहब, अंग्रेजी का एक शब्द है मनजरिया जिसका मतलब है क्रिमिनल इंटेन्शन। एक शिकारी बन्दूक लेकर शिकार करने जाता है। वह समझता है कि झाड़ी के पीछे कोई खरगोश है लेकिन उस झाड़ी के पीछे कोई आदमी जो रफा हाजित के लिए गया है, बैठा है। वह शिकारी गोली चला देता है। वह आदमी शिकारी की गोली से मर जाता है। कानून के नीचे दफा 302 में उसको फांसी की सजा नहीं होती क्योंकि उसकी नीयत उस आदमी को मारने की नहीं है। वह उसको मारना नहीं चाहता। वह तो सिर्फ शिकार खेलना चाहता था। ज्यादा से ज्यादा दस–पांच दिन की सजा उसको हो जाएगी। फैमिली प्लानिंग में भी सरकार की नीयत साफ थी। जो कुछ भी किया गया था वह राश्ट्रहित में किया गया था। स्पीकर साहब, चौथे प्लान में 269 करोड़ रूपया इस फैमिली प्लानिंग पर खर्च किया गया और आज जो हमारे नेतागण सेन्ट्रल गवर्नमेंट में कुर्सी पर विराजमान हैं

उनमें बहुत से भाई कांग्रेस बेन्चिज पर बैठते थे और प्लान बनाते थे आप कहीं भी चले जाइए, रेलवे स्टेशन पर देखिए, चौराहे पर देखिए, बस स्टेन्ड पर देखिए, दीवारों पर देखिए हर जगह लाल निशान बनाकर लोगों को आगाह किया जाता है कि दो या तीन बच्चे। वह एक निशान है और वह बताता है कि वक्त की आवाज है कि समझ जाओ वरना जिस धरती पर तीस वर्श पहले 31 करोड़ का भार था आज उस पर साठ करोड़ का भार है। साठ करोड़ जनता के भविश्य की जिम्मेदारी आज की सरकार के ऊपर है और उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वह ऐसा काम करे जिससे देश का भविश्य उज्जवल बने। कैसे बने, आबादी को बढ़ने से रोका जाए। जो ज्यादतियां हुई हैं (घंटी) बस स्पीकर साहब, एक ही मिनट और लूंगा। स्पीकर साहब, घंटी बज चुकी है अपोजीशन के ओर भाईयों ने भी बोलना हैं। मैं अपने मुअजज दोस्तों से अर्ज करना चाहता हूं कि खूबसूरती दखलाक, सभ्यता और शराफत यह सब तो जीवन से ताल्लुक रखने वाली चीजें हैं, इनको जीवन का हिस्सा होना चाहिये यह उतार चढ़ाव तो जिन्दगी में होता ही रहता है लेकिन राजनीति का पैमाना हमें गिराना नहीं चाहिये। इस अलफाज के साथ मैं आपका शुक्रिया अदा करते हुए गवर्नर साहब के ऐड्रैस का समर्थन करात हूं।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: अध्यक्ष, महोदय किसी एक सदस्य को आप मौका दे दें बोलने का फिर उसके बाद मैंने बोलना है।

**श्री अध्यक्षः** वर्मा साहब, पांच मिनट के लिये आप बोल लें, फिर जवब भी देना है।

**चौ. शिव राम वर्माः** स्पीकर साहब, 15 बार तो मैं बोलने के लिये खड़ा हो लिया।

**श्री बनारसी दास गुप्तः** अध्यक्ष महोदय, हाउस की यह परम्परा रही है कि जो साथी बजट पर बोल लेते हैं वे गवर्नर ऐड्रैस पर नहीं बोलते और जो गवर्नर ऐड्रैस पर बोल लेते हैं वे बजट पर नहीं बोलते?

**श्री अध्यक्षः** पहले उनको चान्स दिया था जो नहीं बोले।

**चौ. शिव राम वर्मा** (नीलोखेड़ी)**:** अध्यक्ष महोदय, यहां पर राज्यपाल महोदय के एड्रैस पर चर्चा चल रही है, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। अध्यक्ष महोदय, जितना कह सका उतना ही जल्दी जल्दी कहने का प्रयत्य करूंगा, कुछ माननीय सदस्यों ने अपने मुताबिक कुछ बातों कहीं हैं, जैसा उसका स्तर था वैसे ही उन्होंने कह दिया (विघ्न) किसी का जवाब तो दे सकता हूं अध्यक्ष महोदय।

**श्री अध्यक्षः** जवाब दे सकते हैं लेकिन रेपीटीशन न करें।

**चौ. शिव राम वर्माः** अध्यक्ष महोदय, उन्होनें बड़ी गैर जिम्मेवाराना बातें यहां करी हैं यहां पर मसखरापन दिखाने की

कोशिश की है उसका तो जवाब दूंगा ही। अब तो वे समझ गये हैं कि उन्होंने कितनी गल्त बातें कही है। अध्यक्ष महोदय, जो उन्होंने गलत नाम लिये, इधर उधर के, जनसंघ के, की खून के धब्बे कहे उन्होंने तो अपने मन की बातें कहीं, हरियाणा के लीडर बनने की बात कही कि मेरे मकान पर हमला हुआ....(विघ्न)...(शोर) इससे आगे पंडित चिरन्जीलाल जी ने उदारता की बात कही है, अगर सममुच में ऐसी बात है तो बड़ा अच्छा है लेकिन वह उदारता कहीं यूथ कांग्रेस के वर्कर्ज के लिये ही तो नहीं थी। पिछले 19 महीनों के अन्दर देश के अन्दर क्या वातावरण हुआ लोगों का दम घुटने लगा और तो और लोग बाजारों में सौदा वगैरह लाने के लिये भी नहीं जाना चाहते थे, उनके दिल में दहशत थी, लोगों को घरों में सोते हुये भी डर लगता था यह हालत थी फिर ये कहते हैं कि हमारा हरियाणा बड़ी तरक्की पर था, तरक्की कर रहा है, अगर मैं आकड़ गिनाने बैठूं तो काफी समय लग जाएगा। अध्यक्ष महोदय मैं आपके द्वारा एक विनेदन करना चाहता हूं कि यह तो ऐसे हुआ जैसे एक आदमी के मुंह के लड्डू दे दिया और ऊपर से सिर में जूते मारे, यदि वह आदमी पूछे कि क्यों मारे, तो कहा जाये कि भाई लड्डू खिला रहे है, क्या स्वाधीनता थी इनके राज में लोगों को। अब हरियाणा के किसानों का भी थोड़ा सा जिक्र करना चाहूंगा कि इन्होंने, इनकी सरकार ने आज तक हरियाणा के किसान की कद्र नहीं जानी, किसान ने कर्जा उठाया और पैदावार बढ़ाकर अनाज मंडियों में भर दिया, इनके आंकड़े यह कहते हैं कि इतने रूपये का अनाज बिका और सारा रूपया किसानों के घर में

गया। जैसे यह सरकार तो कहती है कि सरकार ने अनाज का दाम बढ़ाया है ओर उधर किसानों को पूरा नहीं मिलता। मुख्यमंत्री महेादय ने कहा कि हमने केन्द्र से भाव ऊंचा मांगा था पर यह नहीं बताया कि किस बेस पर इन्होंने मांगा था क्या पैदावारी लागत के हिसार से मांगा था? इनको किसान के खर्चे के बारे में कभी कुछ ध्यान नहीं आया कि उसकी कासट आफ प्रोडक्शन क्या है, ये तो समझते है कि जैसे किसान अनाज बिना खर्च किये ही जंगल से भर कर लाया और बेच दिया। लेकिन जो किसान का घाटा है वह कहां से पूरा होगा। यह इस सरकार ने कभी नहीं सोचा। किसान को भाव मिलने का प्रचार करते हैं कि किसान की हालत बड़ी सुधरी है। मैं तो यह कहूंगा कि कृशि विभाग के किसी फार्म को देखें कि उससे कितना लाभ हुआ है उससे ही उन्हें किसान की हालत का पता च जाएगा। मैंने यह कहा था कि कृशि काय्र के लिये पावर भी पूरी नहीं मिलती रही तो फिर ये किस बेस पर कहते है कि सारे प्रदेश में तरक्की हुई है। लेकिन तरक्की की कीमत जिसको चुकानी पड़ी आज उसका इस सरकार को ध्यान नहीं आया। उनको आज गिनती में नहीं रखा गया। पिछले 19 महीनों में जो कुछ हुआ सारा देश जेल बनाकर रखा गया लेकिन जो लोग जेल से बाहर थे उनका जेल से भी बुरा हाल था इनके व्यवहार से बहुत तंग थे और हर समय भय रहता था कि पता नहीं क्या होने वाला है (विघ्न)

**श्री बनारसी दास गुप्त**: आपको तो हमने निर्भय कर दिया था फिर क्यों डर लग रहा था?

**चौ. शिव राम वर्मा**: जेल में जाने के बाद तो कोई डर नहीं रहता था लेकिन बहार

**12.00 बजे**

ज्यादा दिख रहा था क्योंकि जेल वाले रात को तो आराम से सोते होंगे लेकिन बाहर वाले तो डरते थे कि कही कोई आकर छापा न मार लें। सोनीपत में कमेटी के सफाई कर्मचारियों की डियूटी लगी हुई थी कि घरों स जबरदसती निकाल कर लाओं नसबन्दी के लिये।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: एक गीत के सिवा कोई और गीत भी है?

**चौ. शिव राम वर्मा**: पिछले 19 महीनों में केवल जनता की ही नसबन्दी नहीं हुई बल्कि सारी बातों की नसबन्दी की गई। विधान की नसबंदी की गई और जनता की भी नसबंदी हो गई। पहले इन्होंने नसबंदी की और आगे फिर सांस बन्दी भी करने वाले थे यह तो लोगों के समय मिलते ही जाग कर अपने आपको और देश को बचा लिया। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अब तो सरकार की आंख खुलनी चाहिये लेकिन अब भी एक दो बुद्धिहीन कहते हैं कि लोकसभा के चुनाव दुबारा करववा कर देख लो। अभी दस दिन पहले तो लोकसभा के इलैक्शन होकर चुके हैं।

विधानसभा में हम यहां पर पांच साल के लिये चुन कर आए थे और कानून के द्वारा यह अवधि छ साल के लिये कर ली गई है तो मैं तो कहता हूं कि लोकसभा के चुनाव तो अभी होकर हट हैं। आप विधान सभा के चुनाव करवा लो। हरियाणा के पहले 81 हल्के थे और हम 81 मैंबर चुनकर आए थे अब तो शायद 75–76 रह गये हैं। अब जो हल्के बनाए गए हैं वे 90 हल्के बनाए गए हैं .....

**श्री बनारसी दास गुप्त**: मेरी एक सबमिशन है कि यह रैपीटिशन है। यही बात पहले चौ. भजन लाल और देवी लाल भी कह चुके हैं। वही नसबंदी की बात और वही इलैक्शन में हारने की बात और वही कि इतने हल्कों में कांग्रेस हारी तो यह तो फिजूल में हाउस का वक्त नश्ट करने वाली बात है।

**चौ. शिव राम वर्मा**: 90 हल्को में से केवल एक तोशाम के हल्के के अन्दर ....

**श्री अध्यक्ष**: आर्डर प्लीज। यह बात कितने आदमी कह चुके हैं। रैपिटीशन करने से सिवाए हाउस का टाइम खराब होने के और कोई फायदा न होगा।

**चौ. शिव राम वर्मा**: वे अगर दिल्ली से कलकत्ता तक की बात करते हैं तब तो कोई बात नहीं (शोर)

**Mr. Speaker**: Order please. Do not go beyond limits. यदि कोई रैपिटिशन करता है तो वह अपने अख्यितार का मिस यूज करता है।

**चौ. शिव राम वर्मा**: मैं तो केवल एक ही बात कहने लगा था कि 90 कांस्टीच्यूएंसीज में से केवल एक हल्के तोशाम के अन्दर कांग्रेस को शायद पांच हजार वोट ज्यादा मिले हैं (विघ्न)

**कृशि मंत्री** (कर्नल महा सिंह): मेरे हल्के के अन्दर कांग्रेस जीती है, इनको गल्त ब्यानी नहीं करनी चाहिये।

**चौ. शिव राम वर्मा**: दो–तीन असैम्बली हलकों में वहां महेन्द्रगढ लोकसभा क्षेत्र के राव वीरेन्द्र सिंह इन्डीपेंडेट प्रत्याशी थे वहां कोई कांग्रेसी प्रत्याशी नहीं था ये तो उनके पीछे पीछे दुमछल्ले बने हुए थे लेकिन अगन इनके कोई काग्रेसी प्रत्याशी होते तो वहां भी नहीं मिलने थे। फिर ये कहते हैं कि अपोजीशन वालों ने मीटिंगे डिस्टर्व की। मैं इसको बताना चाहता हूं कि विरोधी पक्ष के आदमी ने कहीं भी किसी भी पार्टी की मीटिंग में कोई गड़बड़ नहीं की। हम कई जगह गये और लोगों को समझाया कि चुनावों के बारे में चाहे कोई भी जाता है उसको अपनी बात कहने दो और गांव में घूमने दो और अगर आपको उसकी बात पसन्द नहीं है तो उसकी बात मन सुनो और घर चले जाओ। लेकिन उसको कुछ न कहो वह तो लोगों के मन में, औरतों के मन में और बच्चों के मन में एक तरह की भावना उठी हुई थी (घंटी) कई माननीय सदस्यों ने ऐसी बात कही कि यह

भावना थोड़ी थी यह तो तूफान था। यह ुरि भी नहीं मानते कि जनता ने इनको हराया है। यह कहते हैं हवा ने हराया है लेकिन यह हवा या तूफान कहां से आई थी यह पता नहीं। मैं इनको यह बताना चाहता हूं कि यह हवा या तूफान जनता का ही था। आप जनता को भेड़ बकरी समझते रहे और आप समझ रहे हैं कि वह हवा दब गई हैं वह हवा दबी नहीं है बल्कि यह फिर उठेगी। इसलिये अब तो इनकी आंख खुल जानी चाहिये। अब तो इनको यह मान लेना चाहिये कि दुनियां के अन्दर आज भारत की जनता का कितना ऊंचा नाम हुआ है। भारत की जनता ने आज सारी दुनियाँ की आंखें अपनी तरफ फिरवा दी हैं, सारी दुनिया यह मानती है कि भारत की जनता लोकतन्त्र में विश्वास रखती है।

**एक आवाज**: अब आप चाहते क्या हैं?

**चौ. शिव राम वर्मा**: हम यह चाहते हैं कि आपको इन कुर्सियों पर बैठने का अब कोई अधिकार नहीं है। अगर जनता आपको दुबारा बनाती है तो हम आपका स्वागत करने के लिये तैयार हैं (घंटी) मैं अभी खत्म करता हूं। पिछले 19 महीनों में जो कुछ हुआ आपको पता है। भोले भाले लोगों को भेड़ बकरियों की तरह जिधर चाहा हांक लिया.....

**Mr. Speaker**: Order please. No repetition of all this. भेड़ बकरियों वाली बात तो आप कई बार कह चुकें हैं।

**चौ. शिव राम वर्मा**: बातें तो बहुत कहने के लिये हैं लेकिन .....

**Mr. Speaker**: Please wide up.

**चौ. शिव राम वर्मा**: कहने को तो बहुत बातें है लेकिन अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे मिनट ही पांच दिये है। जबरी नसबन्दी की चर्चा होती रही है वह जबरी नसबन्दी कही एक जगह महदूद नहीं रही। कर्मचारियों के साथ यह सबसे ज्यादा हुई हैं क्योंकि और लोग तो शायद भाग कर बाहर ईख में छुप गए होंगे लेकिन बेचारे कर्मचारी तो सारे रजिस्टरों में लिखे हुए थे। सबको नोटिस मिल गए कि तीन महीने में करवाओ वरना नौकरी खत्म। मैंने स्वास्थ्य मंत्री से सवाल किया तो वे कहने लगे कि मुझे तो पता नहीं कि कही जबरदस्ती हुई है। पता नहीं उनको शायद किसी ने न बताया हो। वे अपने हल्के में जाते होंगे, वहां पर तो लोगों ने उनको बताया होगा। इन्होंने प्रधानमंत्री को भी अन्धेरे में रखा और अपने आपको भी अन्धेरे में रखा। पिछले 19 महीनों के दौरान मैंने तो इनको कहा था कि जनता बिगड़ी बैठी है और अपनी बुक्ल में ईट लिये बैठी है जिस दिन मौका लगा तुम्हारे माथै पर मारेगी। यह समझते थे कि जनता का जोश ठंडा हो गया है, जनता को तो आज पता लगा है। जनता ने या तो 1946 में अपनी मर्जी से वोट दिये थे या अब सन् 77 मैं अपनी मर्जी से दिये हैं .....

**श्री बनारसी दास गुप्त**: तो क्या आपको बिना मर्जी के वोट दे दिये?

**चौ. शिव राम वर्मा**: 1946 और 1947 के बीच में गलत काम होते रहे। लोग अपनी राय के बारे में नहीं समझे थे और लापरवाही से वोट डालते रहे (घंटी) मैं तो यह कहा करता था कि लोग अगर एक बार राज बदलता सीख लें तो जिसकी वह राज देंगे वह भी डर कर रहेंगे और जिससे छिनेंगे वह भी डर कर रहेंगे और अगर दुबारा इनको राज दे दिया तो जो एमरजेंसी में थोड़ी बहुत ढील दी है वह दुबारा कस दी जाएगी। तो लोगों ने जब अपने अधिकार का सही प्रयोग किया तो एमरजैसी भी गई और गलत कानून भी गए और सरकारी कर्मचारियों को जो उनके अधिकार नहीं दिये जा रहे थे वह भी सारे मिलने लग रहे हैं। केन्द्रीय सरकार के बारे में कभी कुछ कहते हैं, कभी कुछ कहते हैं, यह इनको शोभा नहीं देता। अगर आप ठीक चलेंगे, उनकी जो पालिसिज हैं उनको ईमानदारी से लागू करेंगे तो मैं समझता हूं कि देश तरक्की करेगा, इस देश की जनता में आत्मीयता बढ़ेगी, आत्मिक–शक्ति बढ़ेगी। अध्यक्ष महोदय, एक दो बातें और कहूंगा, अगर आप इजाजत देंगे। (घंटी) ठीक है, मैंने जो कुछ कहा है, उसको ध्यान में रखते हुए, अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा मुख्यमंत्री से निवेदन करूंगा कि जनता की भावनाओं का आदर करते हुए जल्दी ही अपनी सरकार के त्याग–पत्र की आज दी घोशण करेंगे। इन शब्दों के साथ में आपका धन्यवाद करता हूं।

**मुख्यमंत्री** (श्री बनारसी दास गुप्त): अध्यक्ष महोदय, दो दिनों से राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर चर्चा चल रही है। हमारे विपक्ष के कई साथी बोले, हमारी तरफ से भी कुछ साथी बोले। मुझे एक बात पर बड़ा अफसोस है कि राज्यपाल महोदय के भाशण के इतने पृश्ठ हैं, शायद ही किसी बोलने वाले सज्जन ने पढ़े हों। अगर हमारी बहस का, विवाद का स्तर ऊंचा होता तो इससे सारे प्रदेश को, सारी जनता को, सारे समाज को बड़ा लाभ होता। अध्यक्ष महोदय, मैं बिल्कुल इस बात को चाहता हूं और स्वीकार करता हूं कि विपक्ष में बैठने वाले भाई, हमारी हर बात की नुक्ताचीनी करें, हमारा प्रोग्राम देखें, हमारा विकास देखें, हमारी नीति देखें कि क्या कुछ हमने किया है और क्या कुछ करने जा रहे हैं, इन सब बातों पर ध्यान दें, लेकिन एक जरूर आशा करूंगा कि स्वस्थ आलोचना करें, हैल्दी क्रिटिसीजम हो तो मुझे इस बात में ऐतराज नहीं है। मैं यह साफ तौर से कहतना चाहता हूं कि डैमोक्रेसी में सरकार बदलती है ओर बदलती रहनी चाहिए। बिना बदलने से किसी देश में लोकतन्त्र जिन्दा नहीं रह सकता, लेकिन अगर राजनीति का स्तर ऊंचा नहीं किया गया, उसमें सुधार नहीं किया गया, तो सिर्फ हमारे सामने ही कठिनाईयां नहीं आएगी बल्कि उधर बैठने वाले भाइयों को भी बड़ी भारी दिक्कत आएगी। राजनीति का स्तर ऊंचा होना चाहिए, उसका स्टैन्डर्ड होना चाहिएध उसका कुछ मयार होना चाहिए और उसी बात पर बोलना चाहिए जो म्यार को ऊंचा करे। अध्यक्ष महोदय, मेरे जो बहुत पुराने दोस्त विपक्ष में बैठे हैं उनमें कुछ तो बड़े अनुभवी हैं बड़े पुराने

पार्लियामेटेरियन हैं उनसे मैं यह आशा करता था कि वे सारे अभिभाशण को पढ़ते और पढ़ने के बाद जो काम हमने जनहित में किए हैं उनकी सराहना करते। क्या हम इस बात का अधिकार नहीं रखते कि जो काम हमने जनहित में किए हैं, विकास के काम किए हैं दुनियां उनकी सराहना करे? वर्ल्ड बैंक की टीम सर्वे करने के लिए हिन्दुस्तान में आई और उसने अपनी सर्वे रिपोर्ट में लिखा है कि तमाम हिन्दुस्तान के अन्दर हरियाणा प्रदेश एक ऐसा प्रदेश है जिसमें बड़ा भारी विकास हुआ हैं। यह वर्ल्ड बैंक की सर्वे रिपोर्ट के अन्दर है, वर्ल्ड बैंक की टीम आई थी, उसने तरक्की के कार्यों का सर्वे किया और कहा कि तमाम दुनियां में, इजराइल को छोड़ कर, हरियाणा को जो भूमि विकास बैंक हैं, उसकी सबसे अच्छी परफौरमैंस है, सबसे ज्यादा, तरक्की की है। अध्यक्ष महोदय, आप देखें, विदेशी हमारी सराहना करते हैं, दूसरे प्रदेश हमारे विकास की सराहना करते हैं, और हमारे विपक्ष के भाई इतने तंगदिल हो गए हैं, कंजूस हो गए हैं कि एक शब्द भी किसी साथी ने सराहना का नहीं कहा। दौलता साहब ने कुछ शब्द कहे कि वे इस बात की सराहना करते हैं, इनके इलावा किसी विपक्षी नेता ने, साथी ने एक शब्द भी विकास के ऊपर नहीं कहा, कितने अफसोस की बात है। मैं कहता हूं कि हमारा जो अच्छा काम है उसकी सराहना करें, हमारा काम जहाँ त्रुटिपूर्ण है और बुरा है उसकी नुक्साचीनी करें और सुझायें कि यह गलती सरकार के प्रोग्राम में है, यह नीति में गलती है उसका सुधार किया जाए। बिजली की बात इसमें है, पानी की बात इसमें है, सड़कों की बात इसमें है, पशुओं की

नसल सुधार की बात इसमें है, डेरी डिवैल्पमैंट की बात इसमें है, एजुकेशन की बात इसमें है, उद्योग धन्धों की बात इसमें है, डेरी डिवैल्पमैंट की बात इसमें है, एजुकेशन की बात इसमें है, उद्योग धन्धों की बात इसमें है, कृशि की बात, हर वर्ग के हित की बात, यानी तमाम बातें इस अभिभाशण के अन्दर दर्ज हैं। अध्यक्ष महोदय, हमारे इन साथियों का एक–एक भाशण जो आपने रिकार्ड करवाया है, आप उठा कर देख लें, किसी व्यक्ति ने अभिभाशण को टच नहीं किया है, छूआ तक नहीं है। एक ही बात कही कि जनता ने कांग्रेस पार्टी को रिजैक्ट कर दिया, इन इन इलाकों में हार गए, तुम्हारा अधिकार यहां बैठने का नहीं है, नसबन्दी में अत्याचार किया–सिवाये इन तीन चार बातों के, जितने भी विपक्ष के नेता बोले हैं, और किसी बात को छू आ तक नहीं। चौ. रिजक राम बैठे नहीं हैं, मैं चाहता था कि उनको जवाब उसकी मौजूदगी में देता क्योंकि उनकी एक एक बात मैंने नोट की हुई है। वे मेरे साथी हैं, पुराने पार्लियामेंटेरियन हैं और मैं चाहता हूं कि वे रचनात्मक दृश्टिकोण हमारे सामने रखते और हम उन पर अमल करने की कोशिश करते। उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट का जिक्र यिका। एक तरफ तो ये कहते हैं कि जुडिशरी का सम्मान किया जाए, न्यायपालिका का सम्मान किया जाए और दूसरी तरफ जुडिशरी के फैसले को मानते ही नहीं। कैसे नहीं मानते, यह मैं बताता हूं। यह ठीक है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक जज का फैसला श्रीमती इंदिरा गांधी के विरूद्ध हुआ, हाई कोर्ट ने उनकी इलैक्शन पैटीशन में उनके विरूद्ध फैसला दिया लेकिन इस फैसले

के साथ–साथ यह भी कहा कि इतने दिनों तक फैसले पर अमल नहीं होगा, मुझे याद नहीं कितने दिन थे, शायद दौलता साहब को याद होगा।

**चौ. प्रताप सिंह दौलता**: एक महीना।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: पूरा एक महीना दिया था कि मेरे इस फैसले पर अमल न हो। यह फैसला भी उसी इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज का था। उस एक महीने के अन्दर हमारी नेात श्रीमती इन्दिरा गांधी ने सुप्रीम कोर्ट को एप्रोच किया। एक साधारण से साधारण आदमी को भी यह अधिकार हासिल है कि अगर एक न्यायालय, एक कोर्ट उसके खिलाफ फैसला करती है तो वह हाई कोर्ट के अन्दर जाकर अपनी अपील कर सकता है। एक साधारण नागरिक की हैसियत से उस समय की प्रधानमंत्री ने सर्वोच्च न्यायालय के अन्दर अपील की और उस अपील पर, जिस जज ने अपील सुनी, उसने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को स्टे किया लेकिन विरोधी दल वालों ने इस स्टे की परवाह नहीं की। सर्वोच्च न्यायाल के न्यायाधीश ने जो फैसला किया, विरोधी दल के भाईयों ने उसकी परवाह नहीं की और मांग कर दी कि इंदिरा गांधी अस्तीफा दें। क्या वह न्यायपालिका का सम्मान है? क्या यह उचित है? इसके बाद आपको पता है अध्यक्ष महोदय, सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा गांधी की अपील को मन्जूर किया और इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज के फैसले को रिजैक्ट किया। इसके बाद कौन सी बात बाकी रह जाती है कि इंदिरा गांधी अस्तीफा दे, किस आधार

पर इन लोगों ने अस्तीफे की मांग की? आपको याद होगा, रामलीला ग्रांउड दिल्ली में जलसा हुआ और जितने विरोधी दल के नेता थे जिनमैं श्री मोरारजी भाई तथा अन्य तमाम विरोधी दल के महारथी वहां मौजूद थे, उन्होंने मांग की कि या तो तीन दिन के अन्दर–अन्दर इंदिरा गांधी अस्तीफा दे दें, नहीं तो कन्याकुमारी से हिमालय तक इतना भारी आन्दोलन करेंगे कि हिन्दुस्तान का जन–जीवन ठप्प करके रख देंगे और कहा गया कि हम पार्लियामेंट नहीं चलने देंगे और लोगों को मजबूर किया जाएगा कि वे इस्तीफा दें। क्या यह लोकतंत्र है? कौन कहेगा लोकतंत्र इसको? ये लोकतंत्र की बात करते हैं, न्यायपालिका के सम्मान की बात करते हैं लेकिन न न्यायपालिका की बात मानते हैं और न लोकतंत्र के सिद्धातों को मानते हैं। हमारे कांस्टीच्युशन में साफ लिखा है कि जनता अपने नुमांयदे चुनेगी और चुनाव के बाद जिस पार्टी का बहुमत आ जाए उस पार्टी के निर्वाचित सदस्य एक स्थान पर इकट्ठा होकर के अपने नेता को चुनेंगे। क्या हिन्दुस्तान की जनता ने 1971 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत में चुनकर नहीं भेजा? क्या वे सब नौमिनेट होकर आये थे? आज भी जनता द्वारा निर्वाचित सरकार केन्द्र में है। हम उसका सम्मान करते हैं। मैं चाहता हूं कि हिन्दुस्तान की जनता ने इनको जो मौका दिया है पांच साल के लिए नहीं बल्कि 6 साल के लिए इसे ये मेहरबानी करके एक साथ मिलकर काम करने में इस्तेमाल करैं ताकि अपनी नीति के ऊपर अमल करके ये हिन्दुस्तान की जनता की भलाई कर पाएं। कोई एक कांग्रेस पार्टी ने ठेका तो नहीं

लिया है कि सारी उम्र उसने ही बागडोर संभाले रखनी है। परिर्वतन आना चाहिए। वह परिवर्तन आया है। लेकिन 6 साल से पहले ही आज कुछ भाई अगर कुर्सी की भूख में इस बात की धमकी दें कि इस्तीफा दे दो नहीं तो आन्दोलन करेंगे, क्या यह लोकतंत्र है? कौन कहता है इसको लोकतंत्र? इन्दिरा गांधी को उस भारी बहुमत वाली पार्टी से सर्वसम्मति से अपना नेता चुना था, जिसे 1971 के चुनाव में जनता ने चुनकर भेजा था, और वे देश की प्रधानमंत्री बनी थीं। उनको हक था कि वे पांच साल तक अपनी नीति और प्रोग्राम के अनुसार देश में प्रशासन चलातीं लेकिन इन्होंने दो साल के बाद यह आवाज बुलन्द कर दी कि इन्दिरा गांधी इस्तीफा दें। क्या कारण था इस बात का? कोई कारण आजतक ये बतला नहीं पाए। आज ये इलाहाबाद हाई कोर्ट की बात करते हैं। कहां इन्होंने जुडीशियरी का सम्मान किया? कहां इन्होंने लोकतंत्र का सम्मान किया? इन्होंने तो जुडिशियरी और लोकतंत्र को तोड़ फोड़ कर रख दिया हिन्दुस्तान के अन्दर। चौ. रिजक राम ने कहा कि आज संजय गांधी कहां है, उसका पांच सूची कार्यक्रम कहां है? आज उनकी चर्चा क्यों नहीं की जाती? अभिभाशण के अन्दर उसका जिक्र नहीं आया। अध्यक्ष महोदय, बीस सूत्री कार्यक्रम हिन्दुस्तान की प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी का था। हमें आदेश था प्रदेश की सरकारों को कि उन्हें इम्पलीमैंट किया जाए। उनके पास हमारी मासिक रिपोर्ट जाती थी और समय समय पर मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन बुला कर यह बात पूछी जाती थी कि कहां तक इम्पलीमैंटेशन हुई है।

उसका जिक्र राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाशण में किया है और मैं भी बतलाऊंगा कि 20 प्वायंट प्रोग्राम की क्या अचीवमैंटस है हरियाणा के अन्दर। एक भाई ने कहा कि हमें तो एक सूत्री प्रोग्रामनजर आता है। 19 सूत्र उनको नजर नहीं आते थे लेकिन मैं एक एक आंकड़ा ओर एक एक फिगर बतलाऊंगा ताकि पता लगे कि बाकी प्वायंट के तहत कितना कितना काम हरियाणा प्रदेश के अन्दर हुआ है। पांच सूत्री प्रोग्राम का जहां तक सम्बन्ध है, मैं आज भी उसकी सराहना करता हूं। मेरे सामने बैठने वाले भाईयों में से कोई भी यह कह दे कि परिवार नियोजन को प्रोग्राम राश्ट्र के हित में नहीं है। यह ठीक है कि तरीका गलत हो सकता है। अध्यक्ष महोदय, बजट की आम बहस में इन्टरवीन करते हुए मैंने खड़े होकर सइ बात को स्वीकर किया था कि इसमें हमारे अफसरों ने कुछ ज्यादती की लेकिन उसकी सारी जिम्मेवारी मैं अपने सिर पर लेता हूं। ये पता नहीं क्यों बार बार फिर भी इस बात को कहते हैं। मेरे यह कहने के बावजूद भी बार–बार यहां कहा गया कि अफसरों के ऊपर जिम्मेवारी डालते हैं। मैंने पहले ही दिन यह बात कही थी कि यदि हमारे किसी अफसर ने ज्यादती की है, कहीं जुल्म किया है, कहीं अत्याचार यिका है, वह बनारसी दास गुप्ता ने मुख्यमंत्री के नाते किया है। मैं ओन करता हूं उस सारी चीजों को। इसमें गलतियां हुई, इसमें ज्यादती हुइ, मैंने इस बात को स्वीकार किया। कौर कहता है कि हम जिम्मेवारी से बचना चाहते हैं? गलतियों का, अध्यक्ष महोदय, हमने खमियाजा भी भुगता है लेकिन परिवार नियोजन के बारे में कोई पार्टी या नेता

यह बात नहीं कह सकता कि यह राश्ट्र के हित में नहीं है। तो संजय गांधी के पांच सूत्री प्रोग्राम में पहला सूत्र था परिवार नियोजन दूसरा सूत्र दहेज के विरोध के बारे में था कि दहेज का लेन देन न हो। मेरे सामने जो भाई बैठे हैं। इनमें से कोई भी यह कह दे कि यह बात गलत थी। तीसरी बात संजय गांधी ने कही कि वृक्ष ज्यादा लगाओ। बताओ इसके अन्दर क्या पाप था? क्या बुराई थी इसके अन्दर? कौन कह सकता है कि यह बात बुरी थी? हमारे धर्म शास्त्रों के अन्दर लिखा हुआ है कि कम से कम हरेक व्यक्ति को एक पेड़ अपने जीवन में जरूर लगाना चाहिए। कितने फायदे पेड़ लगाने से हैं। इनके अलावा एक सूत्र था कि देश से अनपढ़ता को दूर किया जाए। जो हमारे वालिग शहरी हैं चाहे वह स्त्री है या पुरूश है, उनको पढ़ाया जाए। अब मुझे बतलाओं कि इन पांच सूत्रों के अन्दर कौन सा सूत्र है जिसको मेरे सामने बैठने वाले भाई गलत समझते हों।

**चौ. भजन लाल**: परिवार नियोजन का प्रोग्राम ठीक है लेकिन तरीका ठीक नहीं है।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: जब मैंने यह बात मानी है तो पांच सूत्री प्रोग्राम की इसमें क्या बात है?

**चौ. भजन लाल**: अगर बात नहीं है तो आप भी इसकी क्यों रट लगा रहे हो?

**श्री बनारसी दास गुप्ता**: मैं तो इसलिए यह बात कह राह हूं क्योंकि सामने वाले वैचिज से जो भी भाई बोलते के लिए खड़ा हुआ उसने बार बार यही बात कही। परसों मेरे द्वारा सारी बात स्पश्ट कर देने के बाद भी बार बार इस बात को दोहराया गया और बार बार यह इल्जाम लगाया गया कि हम जिम्मेवारी से बचना चाहते हैं। मैंने स्पश्ट शब्दों में यह बात कही थी कि ठीक है ज्यादती हुई है और वह ज्यादती चाहे किसी अफसर ने की है या किसी और ने की है उसकी जिम्मेवारी से हम भागना नहीं चाहते।

**चौ. शिव राम वर्मा**: चुनाव करा लो। यही झगड़ा है और कोई नहीं।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: अब बात रह गई चुनाव कराने की। अध्यक्ष महोदय, अभी मैंने कहा था कि यह कैसा लोकतंत्र है? यह किसी कांस्टिच्युशनल बात को मानने के लिए तैयान नहीं हैं। चौ. देवी लाल ने हमारे ऊपर इल्जाम लगाया कि हम सारे काम अनकांस्टिच्युशनल करते हैं। यह कौन साह कांस्टिच्युशनल काम है? मैंने उस रोज भी यह बात हाउस के सामने रखी थी कि लोक सभा को इस बात का अख्तियार है कि वह दो तिहाई बहुमत से संविधान में संशोधन करे। लोकसभा द्वारा संशोधन करने के बाद वह बिल राज्यसभा में जाता है। अगर राज्यसभा भी अनुमोदन कर दे तो अध्यक्ष महोदय आप जानते हैं कि 50 फीसदी प्रदेशों की विधान सभाएं उसको अनुमोदन करती हैं। तो वह संशोधन

कांस्टिच्युशनल है, संवैधानिक है। कौन इन्कार करेगा इस बात से? अध्यक्ष महोदय, हमारी विधान सभाओं की और लोक सभा की मियाद कांस्टिच्युशनल अमैंडमैंट के द्वासरा पांच साल से बढ़ा कर 6 साल की गई है। जब तक कांस्टिच्युशन की वह अमैंडमैंट बल नहीं दी जाती तब तक इस हाउस की मियाद, इस हाउस की लाईफ, इसका जीवन 6 साल हैं। इनकी सरकार इसे कल बदल दे और बदल कर पांच साल कर दे हमें इसमें कोई एतराज नहीं। जिस दिन इसकी लाईफ खत्म हो जाएगी चुनाव हो जाएगा। (विघ्न).....

**Mr. Speaker**: Order please. No interruption please.

**श्री बनारसी दास गुप्ता**: अगर अध्यक्ष महोदय, ये मुझे कोई प्रोविजन दिखा दें कांस्टिच्युशन के अन्दर कि लोक सभा के चुनाव के साथ विधान सभा के चुनाव भी हो जाते हैं तो मैं आज ही इस्तीफा दैने के लिए तैयार हूं। दौलता साहब तो विधिवेत्ता हैं, कांस्टिच्युशन को जानते हैं, ला जानते हैं। मेरी पहली बात को यह झुठला दें। कांस्टिच्युशन में अमैंडमैंट कांस्टिच्युशन के मुताबिक हुई या ना हुई। वह कांस्टिच्युशन है या नहीं है। कांस्टिच्युशन तरीके से यह कांस्टिच्युशन को फिर अमैंड कर दे तब भी बात ठीक है या कोई ऐसा प्रोविजन दिखला दें कि लोकसभा के चुनाव के साथ विधान सभा के चुनाव भी हो जाते हैं, तो भी मान लेते हैं। तो किस आधार पर ये त्यागपत्र की मांग करते हैं। अगर ये कांस्टिच्युशन में विश्वास नहीं रखते, लोकतन्त्र

में विश्वास नहीं रखते और इनको यह पूरा विश्वास है कि इनको जनता ने केवल पांच साल के लिए चुनकर भेजा है तो ये इस्तीा देकर अपने घर जायें। इनके तो पांच साल पूरे हो गये। ये यहां पर क्यों बैठे हुए हैं। (तालियां)

अगर ये कांस्टिच्युशन को जानते हैं, संविधान की भाशा को समझते हैं तो संविधान में ऐसा कोई प्रोविजन नहीं है कि लोकसभा के चुनाव के साथ विधानसभा के चुनाव हो जाते हैं। ऐसा कोई भी प्रोविजन नहीं है। इसलिए अध्यक्ष महोदय जब तक ये संशोधन नहीं करेंगे कि छः साल से घटा कर पांच साल नहीं करेंगे तब तक हम संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से बैठे हुए हैं। अगर किसी गैर–संवैधानिक तरीके से गैर–लोकतांत्रिक तरीके से यहां बैठे हैं तो हमें यह बताये कि कैसे बैठे हुए हैं।

एक बात चौ. रिजक राम जी ने कही कि देश में तो एमरजेन्सी 25 जून, 1975 को लागू हुई थी परन्तु हरियाणा में पहले ही लागू हो गई थी। मैं नहीं समझता कि किस आधार पर वे ये कहते हैं कि हरियाणा में एमरजेन्सी पहले ही लगी हुई थी। जो अधिकार हिन्दुस्तान की जनता को थे वही अधिकार हरियाणा की जनता को उपलब्ध थे। वे बात कहना कि एक एम.एल.ए. का आदर नहीं, यह गलत बात है। ये भाई अपने आप ही सोच सकते हैं। अगर विपक्ष का भी कभी कोई एम.एल.ए. मेरे पास आया है तो आराम से बैठा कर उनकी बात को सुना है और जो काम करने

का होता है उसको किया है। उनको पूरा सम्मान दिया है, पूरी इज्जत दी गई है।

**चौ. प्रताप सिंह दौलता**: ये इस सी.एम. साहब की बात नहीं कर रहे, आपसे पहले की बात है।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: एक बात चौ. रिजक राम जी ने और कही कि सहकारिया विभाग ठीक तरह से काम नहीं कर रहा। कोआपरेटिव सिस्टम के तीन भाग हैं। एक हमारा स्टेट कोआप्रेटिव बैंक है, एक हरियाणा मार्किटिंग फैडरेशन है, एक हमारा भूमि विकास बैंक है। उसके बारे में उन्होंने कहा कि तीनों पर आफिशियल कन्ट्रोल है लेकिन अध्यक्ष महोदय चौधरी साहब यहां बैठे नहीं वरना मैं उनको बताता कि तीनों अदायरों के अन्दर बाकायदा चुने हुए बोर्ड हैं, कोई नौमीनेटिड बोर्ड तीनों के अन्दर नहीं है। यह बात अगल है कि चौ. रिजक राम जी का जो चहेता है वह नहीं आ सका। उसके बारे में मेरे से भी सिफारिश की। अगर वे चुन कर नहीं आ सकें तो उसमें हमारा क्या कसूर है, हमारा क्या चारा है। इसलिए यह बात गलत है कि तीनों अदायारों के अन्दर कोआपरेटिव सिस्टम के ऊपर आफिशियल अधिकार है। उन्होंने फरमाया कि एकमात्र मुख्यमंत्री या डी.सी. का ही कन्ट्रोल हैं। तो ऐसी कोई बात हरियाणा प्रदेश में नहीं है। मुख्यमंत्री अपने स्थान पर हैं, मंत्री अपने स्थान पर हैं, एम.एल.ए. अपने स्थान पर हैं, जनता और अधिकारी अपने स्थान पर हैं। जो जिसका अधिकार

है और जिसके अधिकार क्षेत्र में है उसके अन्दर वे पूरा तरह से काम करते हैं।

यहां पर पब्लिक सर्विस कमीशन की बात कही गई। इन्होंनें कहा कि बाहर से लिस्ट बन कर आती है, मैरिट की बात नहीं होती। पहली बात तो मैं यह अर्ज करूंगा कि पब्लिक सर्विस कमीशन एक ऐसी उच्च समिति है, एक ऐसा अदायरा है कि उसका विरोध करना, उसके चेयरमैन या मैम्बर्ज का विरोध करना, उचित बात नहीं। कोई इस प्रकार के शब्द उनके प्रति इस्तेमाल करना मैं ऐसा ही समझता हूं जैसे कि जुडिशियरी क खिलाफ करना हैं उसको वही स्टेट्स है जो जुडिशियरी को है। अगर अध्यक्ष महोदय किसी गैर सरकारी आदमी को पब्लिक सर्विस कमीशन का चेयरमैन बना दें तो यह कहा जाता है कि अपने किसी पिट्ठू को बना दिया, अगर किसी आई.ए.एस. आफिसर को अध्यक्ष बना दिया जाये तो नुक्ताचीनी करते हैं। पहले हमारे जो चीफ सैक्रेटरी रह चुके हैं, जिनका सर्विस का बड़ा शानदार रिकार्ड है उस आदमी को चेयरमैन बनाया गया था, उनके बाद आज हमारे जो चेयरमैन हैं वे भी एक रिटायर्ड आई.ए.एस. आफिसर हैं। उनका सर्विस का रिकार्ड चौ. भजन लाल जी जानते हैं, इनके जिले में वे डिप्टी कमीश्नर रहे हैं।

**चौ. भजन लाल**: मैंने उनके बारे में कुछ नहीं कहा।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: उनको चेयरमैन बनाया गया (विघ्न) यह इल्जाम उन्हीं के ऊपर है। आज अगर यह कहा जाता है कि मैरिट पर सिलैक्शन नहीं होती, लिस्ट कहीं बाहर से बन कर आती है तो यह सीधा इल्जाम पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन और मैम्बर्ज पर है। मैंने एक बात कही थी कि एक तरफ तो ये यह इल्जाम लगाते हैं कि लिस्ट दिल्ली से बनकर आती है दूसरी तरफ चौ. शिवराम वर्मा कहते हैं कि मेरा लड़का तो छाती पर पैर रखकर आया है। अगर छाती पर पैर रखकर आया है तो फिर वह मैरिट से आया है फिर किसी के साथ ज्यादती नहीं होती। अगर वे मैरिट से नहीं आया तो चौ. शिव राम वर्मा ने भी चापलूसी की होगी या फिर चौ. भजन लाल झूठे हैं या चौ. शिव राम झूठे हैं। तब आप ही देखें कि कौन सा गलत कहता है। स्पीकर साहब झूठ शब्द को तो मैं वापिस लेता हूं क्योंकि यह अन–पार्लियामैंटरी है। तो मैं यही कहूंगा कि इन दोनों में एक गलत जरूर कहता है।

अध्यक्ष महोदय चौ. शिव राम वर्मा जो हमारे विपक्ष के विधायक हैं उनके लड़के का एच.सी.एस. में चयन होना, इस बात का सबूत है कि मैरिट पर सिलैक्शन होती है। यही एस.एस.एस. बोर्ड की बात है और यही बात बिजली बोर्ड के बारे में है। चौ. रिजक राम जैसे पुराने आदमी के मुंह से यह बात सुनी कि एक ही इलाके के लोग लिये गये हैं, मैं जिलेवाइज लिस्ट पेश कर सकता हूं जिन जिन आदमियों की सिलैक्शन हुई है। बिजली बोर्ड

ऐटोनोमस बोडी है। उनका अपना सिलैक्शन बोर्ड है। लेकिन पब्लिक सर्विस कमीशन के द्वारा, एस.एस.एस. बोर्ड के द्वारा या बिजली बोर्ड के द्वारा जो भी सिलैक्शन हुआ है उनकी डिस्ट्रक्टवाइज लिस्ट पेश की जा सकती है। हां दो चार किसी जिले के ज्याद हैं, किसी के कम है लेकिन यह नहीं कि बहुत से जिले बिलकुल ही इग्नोर किये गये हों, किसी इलाके के लड़के बिल्कुल न लिए गये हों। यह झूठा आरोप है, निराधार आरोप है।

एक बात यहां पश्यिमी नहर के पानी के बारे में कही गई कि वहां से पानी निकाल कर भिवानी के इलाके को दिया गया, महेन्द्रगढ़ के इलाके को दिया गया। अध्यक्ष महोदय, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि यह आरोप भी बिल्कुल निराधार है। मेरे पास फिग्र्ज हैं। मैं आगे चलकर आपको बतलाऊगा। मेरे पास यह इरीगेशन के बारे मैं रिपोर्ट है। इनको तो ये देखते तक नहीं कि क्या काम हरियाणा में हुआ है। सन् 1967–68 में 33.93 लाख एकड़ भूमि को नहर का पानी मिलता था और 10.17 लाख एकड़ भूमि को दूसरे साधनों से यानी टयूबवैल्ज आदि से इरीगेट किया जाता था। टोटल इरीगेटिड लैन्ड सन् 1968 में 44.10 लाख एकड़ थी और आज अध्यक्ष महोयद 64.64 लाख एकड़ है। आप अन्दाजा लगाइये 22 लाख एकड़ जमीन के अन्दर ज्यादा पानी दिया गया है। सन् 1968 से आज तक 22 लाख एकड़ को जो पानी दिया है उसको ये काम ही नहीं समझते हैं। इसका कोई चर्चा नहीं, किसी ने इस बात का जिक्र नहीं किया। सन् 1968 मे ंसी.सी.ए 57.12

लाख एकड़ था और आज है 67.83 लाख एकड़। नहरों की लम्बाई सन् 1968 मे ंथी नौ हजार 122 किलोमीटर और आज है 10 हजार 556 किलोमीटर। दो हजार किलोमीटर के करीब नयी नहरे बनायी गई हैं। अब आप क्वांटिटी आफर वाटर देखिए। ये कहते हैं कि पश्चिमी नहर का पानी महेन्द्रगढ़, नाहड़ और भिवानी के इलाकों को दे दिया गया। सन् 1968 के अन्दर जो पानी उपलब्ध था वह 8.34 मिलियन एकड़ फीट और आज है 15.37 मिलियन एकड़ फीट। आलमोस्ट डबल, क्या यह उपलब्धि नहीं है? क्या यह अचीवमैंट नहीं है। अगर इस बढ़े हुए पानी में से और बाढ़ के पानी में से हमने उस इलाके को पानी दे दिया कि जिस इलाके के किसान भूख से मरते थे, तो क्या गुनाह कर दिया? अध्यक्ष महोदय, आपके तो पता है आपने देखा होगा और दौलता साहब की तो रिश्तेदारी है, इनको भी पता होगा कि वहां पर पहले क्या हालत हुआ करती थी। वहां पर हर दूसरे तीसरे साल कहत पड़ता था। किसान का पशुधन मर जाता था। गांव के गांव रोजगार की तलाश में खाली हो जाते थे? अगर उन भाइयों के गुजारे के लिये नहर का पानी दे दिया गया तो इनके पेट में क्यों दर्द होता हैं। अगर उन्हें एक इन्सान जैसा जीवन व्यतीत करने के लिये हमने पानी दे दिया तो इनके पेट में दर्द क्यों होता है? मैं एक बात स्पीकर साहब, दावे के साथ कहता हूं कि पश्चिमी जमुना नहर के एरिया से अगर एक बूंद पानी भी काटकर हमने उस इलाके को दिया हो तो मैं इस बात का जिम्मेदारी के साथ जवाब देने के लिये तैयार हूं। यह बिल्कुल गलत आरोप है जो यह लगाते हैं।

इन्होंने चुनाव के दिनों में भी इस बात को बहुत उछाला है और इस बात का बहुत गलत प्रचार लोगों के अन्दर किया है। बिल्कुल कोई भी पानी वहां से काटकर नहीं दिया गया। रिजक राम जी ने बतलाया कि इन्दिरा गांधी कैनाल, जुई कैनाल और चक्रवर्ती कैनाल जब बनाई गयी थी तो यह कहा गया था कि इसमें सिर्फ बाढ़ का पानी इस्तेमाल किया जायेगा। यह बात ठीक ळै। अध्यक्ष महोदय जिस वक्त यह नहरें बनायी गई, उस वक्त हमारे सामने दो ही उदेश्य थे। पहला उदेश्य तो यह था कि बाढ़ का पानी जो कई इलाकों को तबाह करता है, करनाल, अम्बाला, कुरूक्षेत्र और रोहतक तक के जिलों को डुबो कर किसानों की फसल को बरबाद करता है, उनके घरों का नाश करता है, उस पानी का इस्तेमाल किया जाये ताकि उससे दो फायदे हो सकें। इधर बाढ़ से राहत मिले उधर सूखे से राहत मिले। और वह प्रोग्राम चलाया गया लेकिन अध्यक्ष महोदय, इनकी जुबान पर एक लफ्ज भी उसकी सराहना का नहीं। फैमिली प्लानिंग मे जुल्म कर दिये, अत्याचार कर दिये। हैरानी इस बात की है कि इनके पास इस बात का के सिवाय और कोई बात कहने की नहीं है। एक तरफ तो बाढ़ का इन्तजाम कियाओर दूरी तरफ सूखे का इंतजाम किया। एक दूसरा उदेश्य जो नहरें बनाने का था वह यह था कि हमें इस बात का पता था कि हमें रावी ब्यास का पानी मिलेगा, उसके लिये हमें पहले सक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करके रखनी चाहिये क्योंकि आपको अध्यक्ष महोदय, याद होगा कि जब पंजाब ओर हरियाणा का बंटवारा हुआ, हरियाणा प्रदेश अलग बना तो हमें पानी तो पूरा

मिला लेकिन हमें बिजली का हिस्सा कम मिला क्योंकि हमारे पास ट्रांसमीशन लाईन्ज कम थीं। हमारे पास पूरे साधन नहीं थे उसको यूटेलाईज करने के। रावी ब्यास के पानी के बंटवारे के वक्त भी हमें यह डार था कि अगर हमारे पास साधन न हुए तो हमें हमारे पानी का पूरा हिस्सा नहीं मिल पायेगा। जुई कैनाल को हमने पैरेनीयल बनाया। उस वक्त पैरीनीयल किया गया जिस वक्त आगुमैंटेशन कैनाल बन कर तैयार हुई ओर कई हजार क्यूसिक पानी जमीन से बाहर निकालकर इस नहर के द्वारा बढ़ाया। इसके अलावा हमने पानी और बढ़ाया। हमने नहरें पक्की बनायीं, खालें पक्की बनायीं, डिस्ट्रिब्यूटरीज पक्की बनायी। उनसे भी पानी बढ़ा है। जब हमारे पास पानी बढ़ा तो हमने जुई कैनाल को पैरोनीयल बनाया और चक्रवती कैनाल को पारशीयली पैरेनीयल बनाया है और अब हमारा इरादा यह है कि जब हमें रावी ब्यास का पानी मिलगा तो न सिर्फ उन नहरों को ही हम पैरेनीयल बनायेंगे बल्कि वैस्टर्न जमुना कैनाल सिस्टम में भी और भाखड़ा कैनाल सिस्टम में भी वाटर अलाउन्स बढ़ायेंगे और उन नहरों का बारहमासी बनाया जाये। इस बात से इन लोगों को क्या तकलीफ है? ये लोग किस बात की नुक्ताचीनी करते है? तो यह तो नहरों की बात है।

एक बात यहां पर पीने के पानी के बारे में कही गयी कि 924 गांवों के अन्दर पाने का पानी दिया गया और उसमें से अध्यक्ष महोदय चौ.रिजक राम जी ने यह कहा कि और दूसरे सब इलाकों के 12 प्रतिशत गांवों को पानी दिया गया और 88 प्रतिशत पानी

सिर्फ एक ही इलाके के अन्दर दिया गया। मेरे पास अध्यक्ष महोदय फिगर्ज हैं। जो पानी 911 गांवों के अन्दर दिया गया है उसकी परसैंटेज निकाल ले अगर कोई पढ़ा लिखा हो तो अम्बाला में 165 गांवों में भिवानी में 261 गावों में, गुड़गांव में 110 गावों में, हिसार में 68 गांवों में, जींद में 41 गावों में, करनाल में 3 गावों में, कुरूक्षेत्र में 11 गावों में, महेन्द्रगढ़ में 146 गांवों में, रोहतक में 59 गावों में सिरसा में 40 गांवों में और सोनीपत में 7 गांवों में पीने का पानी दिया गया। जो कुछ चौ. रिजक राम जी ने कहा, क्या यह सच है? उन्होंने जो यह कोट किया कि 12 प्रतिशत और इलाकों मे ंऔर 88 प्रतिशत सिर्फ एक इलाके के गांवों में पानी दिया गया, क्या यह सच बात है? इतनी गलत बात, इतने पुराने आदमी, इतने संजीदा आदमी हाउस के अन्दर कहें तो बड़ी हैरानी होती है। यह बात वह पढ़ते नहीं। तीनों तरु यहां पर यह लिखा हुआ है अंग्रेजी, संस्कृत और हिन्दी में कि इस सदन के अन्दर या ता जुबान न खोले और अगर खोले तो यह सत्य के सिवाय कुछ न बोले नहीं तो वह पापी होता है। अब पाप का भागी कौन होता है? एक बात मैं और बतलाऊं। अध्यक्ष महोदय, कुछ इलाके ऐसे हैं, जैसे कुरूक्षेत्र के अन्दर क्यों कम गांव मे ंपनी का पानी दिया गया है, क्योंकि वहां जमीन के अन्दर मीठा पानी उपलब्ध है। वहां के लोग कुएं से पानी निकालकर गुजारा कर लेते हैं। कई इलाके, अध्यक्ष महोदय, भिवानी जिला, महेन्द्रगढ़, जिला, झज्जर और नाहउ़ के इलाके ऐसे हैं कि जहां पर जमीन के अन्दर जहर जैसा कड़वा पानी होता हैं। आठ–आठ, दस–दस कोस से वे लोग पानी

ऊंटो पर लाद कर लाते थे। वहां पर अध्यक्ष महोदय ऐसी हालत थी कि 60–60 मील तक उड़ते हुए काग की आंख निकल जाती थी, मगर चोंच मारने को पानी नहीं मिलता था। अगर उस हलके मे ंकुछ ज्यादा सुविधाएं दे दी गयीं तो इस बात की शिकायत की जाये, गलत फिगर्ज और गलत आंकड़े पेश किये जायें, क्या यह कोई शोभा की बात है? इसके बाद अस्पताल की बात है। यहां पर यह कहा गया कि भिवानी के अन्दर 500 बिस्तरों का अस्पताल बनाया जा रहा है। जबकि और जगहों पर कहीं दो सौ का बनाया कहीं अढ़ाई सौ का बनाया कही सौ का बनाया। अध्यक्ष महोदय, एक बात मैं आपके द्वारा यहां पर यह कहना चाहता हूं कि आप भी भिवानी के निकट के रहने वाले है। आपको भी यह याद होगा कि भिवानी को सिटी आफ हास्पिटल्ज कहा जाता था। भिवानी के अन्दर हमेशा से ही अनेक अस्पताल रहे हैं। वहां पर केवल भिवानी के लोग ही नहीं बल्कि राज्यस्थान और उत्तर प्रदेश तक के लोग और इधर डबवाली तक के लोग इलाज के लिये जाया करते थे। भिवानी की एक बैकग्राउन्ड है, भिवानी की एक पृश्ठभूमि अस्पतालों को लेकर ऐसी थी कि इसकी इम्पोटैंस हास्पिटल के नाम से ज्यादा थी। इसलिये वहां पर 500 बिस्तरों का हस्पताल बनाने की तजवीज की गयी। वह बन रहा है और इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, आपके द्वारा मैं इन भाईयों को यह बतलाना चाहता हूं कि आज से एक साल पहले मैंने फरीदाबाद के अन्दर इस बात का ऐलान किया था कि हम भिवानी जैसा ही 500 बैडिड अस्पताल फरीदाबाद के अन्दर भी बनायेंगे। उसकी तैयारी शुरू हो

चुकी हैं। उसकी प्लान नक्शे और डिजाइन बन रहे हैं। यह बात नहीं है कि सरकार भिवानी में ही 500 बिस्तरों का अस्पताल बनाने जा रही है। फरीदाबाद तो बहुत दूर हे भिवानी से। हमने सोचा कि फरीदाबाद एक बड़ा भारी औद्योगिक नगर है, लाखों मजदूर वहां पर काम करते हैं। इसके अलावा हमने सोहना और नारायणगढ़ के अन्दर अस्पताल बनाया। क्या वे भिवानी के पास हैं। ऐसी बात नहीं है जो इन भाईयो के दिमाग में है। इनको तो इस बात का बहम हो गया है कि जो भी चीज यहां पर होती है, वह भिवानी के अन्दर ही होती है। लेकिन जब यह लोग भिवानी के अन्दर जाते हैं तो दूसरी तरह की बात करते हैं। भिवानी में जाकर वे यह बात नहीं करते कि भिवानी के लिये इस सरकार ने यह किया है भिवानी के अन्दर जाकर यह कहते हैं कि मन्दिर तोड़ दिया, घंटाघर तोड़ दिया। अध्यक्ष महोदय, आप ही देखिये, अजीब बातें हैं इन लोगों की। किस प्रकार की बातें वह करते हैं। सिवाय इस बात के कि लोगों के सैन्टीमैंट्स को एक्सप्लायट किया जाये, इनक पास और कोई बात नहीं है। अध्यक्ष महोदय, मै एक बात और यहां पर साफ कर देना चाहता हूं कि वे अपने जीत का घमण्ड न करें। मैं एक बात साफ तौर पर कह देना चाहता हूं अध्यक्ष महोदय कि हम जरूर हारे हैं परन्तु यह नहीं जीते। हम जारे हैं यह घमंड न करें। कहीं यह गर्व न करें कि हम जीते हैं। हमने अपनी हार स्पीकार की। इस चुनाव के अन्दर अध्यक्ष महोदय, आपको भी तर्जुबा होगा न किसी ने पार्टी देखी। न किसी ने उम्मीदवार देखा है, एक उम्मीदवार की तो मैं आपको बात बताऊं।

अध्यक्ष महोदय, वह वोट मांगने के लिये गये। वह वकीलों के साथ जाकर बैठे। वह कहने लगे की भई तू एक काम कर, यहां से तू भाग जा। तेरी शक्ल देखकर वोट टूट जायेंगे। वोट तो तेरे पक्के बैठे हैं। इसके उम्मीदवार तो ऐसे हैं जिनकी शक्ल देखने से वोट टूट जाते हैं लेकिन जनता ने हमको हराना था (व्यवधान) यह तो आपके आदमियों ने बताई हैं। मैं अगल से नाम बता दूंगा (व्यवधान)। अध्यक्ष महोदय, बात यह हे कि लोगों ने तो हमारी पिटाई करनी थी और वह कर दी। अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात बता दूं कि ये भाई इस वहम में न रहे। कई दफा बाप नाराज होकर बेटे को चपत लगा देता है इसका मतलब यह तो नहीं कि उनके सम्बन्ध खत्म हो जाते हैं या उनके प्यार में कोई फर्क आ जाता है। बाप नाराज होकर जवान बेटे को घर से निकाल देता है तो वह तो अपने बेटे को गुस्से में आकर घर से निकाल देता है और वह गुस्सा क्षणिक है। हमने कुछ गल्तियां कीं, हमने कुछ ज्यादतियां की और जनता ने हमारे चपत लगा दी और वह चपत करारी लगाई है जिससे हमैं होश आ जाएगी, हम गल्तियां करना छोड़ देंगे। आगे के लिए ठीक चलेंगे। हम कोई जनता को भूले नहीं हैं और न ही जनता हमको भूली है। मैं अपने इन भाईयों को कहना चाहता हूं कि ज्यादा घमन्उ न करें। हमने घमंड आ गया था इस जनता ने हमारा घमंड निकाल दिया और अगर यह घमण्ड करेंगे तो जनता इनको भी निकाल देगी। स्पीकर साहब, हमारी जड़े तो पाताल में थीं। 85 साल पुरानी यह कांग्रेस पार्टी भी और तीस साल का राज था। आज हमारे साथ अगर यह जनता ऐसा

सलूक कर सकती है तो इनकी जड़ें तो हैं ही नहीं। इनकी जड़ें तो अभी अधर में हैं। स्पीकर साहब, एक बात ओर कह दूं। चुनावों के अन्दर जलसें हुए। सौ से ऊपर मीटिंग्ज मैंने एड्रैस की। मैं सब जगह एक ही बात कहता था। प्रैस गैलरी में कुछ ऐसे लोग बैठे होंगे जिन्होंने मेरी मीटिंग्ज कवर की होंगी और उनको याद होगा, मैं यह कहा करता था कि जब प्रधानमंत्री के चुनाव का वक्त आएगा तो इनका डंडा खड़केगा। आपने देखा कि वह खड़का। यह बात दूसरी है कि चेपाचापी करके एक बार सरकार बना ली। मेरा यह कहना कि प्रधानमंत्री के चुनाव के समय इनका डंडा खड़केगा और वह ठीक हुआ। आपने देखा कि जिन्दाबाद और मुर्दाबाद के नारे लगे और दूसरी बात मैं यह कहता था कि अगर किसी तरह चेपाचापी करके एक बार सरकार बना दी तो इसका चलना मुश्किल है। स्पीकर साहब, मैं तो यह कामना करता हूं कि यह सरकार चलें भगवान करे इन भाईयों को सदबुद्धि दे और ये एक जुट होकर राश्ट्र के हित में काम करें। यह सरकार पूरी मजबूती से चले, इनको काम करने का पूरा मौका मिले ताकि हिन्दुस्तान की जनता यह पहचान सके कि इन्होंने क्या काम किया ओर हमने क्या किया। लोकतन्त्र में फिर चुनाव होंगे। लोग फिर कसौटी पर कसेंगे। लोगों के पास जाने का फिर मौका मिलेगा। इसलिए अध्यक्ष महोदय, इन बातों का कोई झगड़ा नहीं है।

**श्री अध्यक्ष**: आप कितना टाईम और लेंगे?

**श्री बनारसी दास गुप्त**: स्पीकर साहब, 15 मिनट ओर लूंगां स्पीकर साहब, चौ. भजन लाल ने कहा कि हम पर जनता का विश्वास नहीं रहा। अध्यक्ष महोदय, 18 जनवरी को लोकसभा भंग हुई ओर चुनाव कराने का ऐलान किया गया। उसके कुछ दिन बाद मुझे ठीक तारीख तो याद नहीं दिल्ली में हमारी पार्टी की मीटिंग हुई। चौ. भजन लाल उसके अन्दर मौजद थे। उस दिन तक तो जनता का विश्वास कांग्रेस पर था। जिस दिन चौ. भजन लाल छोड़कर चाले गए जनता का विश्वास नहीं रहा। उसके बाद पार्टी मीटिंग के बाद ये अलग से मुझे मिले। कुछ बातें ये कहना चाहते थे, मनवाना चाहते थे और मैंने आश्वासन दिया था। अगर मैं उसी वक्त इनकी बात मानकर कुछ कहता तो जनता का विश्वास कांग्रेस पर टिका रहता, सारी बातें ठीक थी लेकिन आज यह और भाशा बोलते हैं। (Interruption)

## बैठक का समय बढ़ाना

**Mr. Speaker**: Order please. No interruption please. The time is extended by half an hour.

## राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुनरारम्भ) तथा धन्यवाद प्रस्ताव पर मतदान

**श्री बनारसी दास गुप्त**: इनका दिल वही है, जबान वही है लेकिन भाशा दूसरी है। अध्यक्ष महोदय इस बात का कोई इलाज हमारे पास नहीं है कि लोकसभा भंग होने पर और चुनाव का ऐलान करने के बाद जनता का विश्वास कांग्रेस पर था और ये

बड़े अच्छे थे और 20 सूत्रीय प्रोग्राम और पांच सूत्री प्रोग्राम भी अच्छे थे .....

**चौ. भजन लाल**: मैंने कहा पांच सूत्रीय और बीस सूत्रीय प्रोग्राम की बात नहीं कही हमने बहुत पहले अनाउंस किया कि अगर .....

**श्री बनारसी दास गुप्त**: ये सारे भाई मींटिग में मौजूद थी। इन्होंने कोई शिकायत नहीं की। किसी बात का विरोध नहीं किया। अगर मीटिंग में .....

**चौ. भजन लाल**: अगर मीटिंग होती तो मैं उस मीटिंग में कहता। मीटिंग हुइ भी नहीं।

**श्री बनारसी दास**: स्पीकर साहब, ये लोग फैमिली प्लानिंग की बात करते हैं। इन्होंने जलासों के अन्दर, हमारे से जो कुछ हुआ, जो लोग नाराज हुए, उनके सेन्टीमेंटस को भड़काया। जससे के अन्दर 17 साल के लड़के को पेश कर दिया। अब किसने उसके पाजामें को खुलवा कर देखना था, सिने उसकी परीक्षा करनी थी। पहली बार एक बलदेव सिंह का नाम लिया। स्पीकर साहब, मैंने बार बार एलान कियाा कि हमारा तरीका गलत था। जनता ने पसन्द नहीं कियां लेकिन जा कुछ किया वह राश्ट्रहित में किया। हमारी नीयत साफ थी। तरीका गल्त हो सकता था, बात गल्त हो सकती है लेकिन नीयत साफ थी। अध्यक्ष महोदय, आप अन्दाजा लगाए कि नसबनदी करने से या आप्रेशन

करने से क्या हमारी पेन्शन बढ़ती थी या हमारा कोई निजी स्वार्थ था। इसमें तो राश्ट्र का भला था .....

**चौ. भजन लाल**: संजय को राजी करना था। इन्दिरा गांधी को राजी करना था।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: स्पीकर साहब, इन्दिरा गांधी का भी इसमें निजि स्वार्थ क्या था। कोइ भी यह साबित करके बताए कि नसबन्दी का आप्रेशन करने में किसी का क्या व्यक्तिगत स्वार्थ था? (व्यवधान)

स्पीकर साहब, फाजिल्का और अबोहर की बात कही गई। चौ. भजन लाल ने कहा कि फैसला प्रधानमंत्री ने किया। यह फैसला केन्द्रीय सरकार ने किया था। यह फैसला उस सरकार ने किया जिसमें बाबू जगजीवन राम भी बैठते थे। यह प्रधानमंत्री का फैसला नहीं है बल्कि केन्द्रीय सरकार का फैसला है। ठीक है हम नहीं दिलवा सके लेकिन फैसला बदला नहीं है। वह फैसला कागजों पर है और मैं यही चाहता हूं कि फैसला बदला न जाए। अगर ये भाई दिलवाने में मदद कर सकेंगे तो अच्दा होगा। इनकी सहायता हम लैंगे और हम भी कोशिश करेंगे।

रावी और व्यास के पानी की बात कही गई। हम कोई गल्त बात नहीं कहते। मैंने, अकाली पार्टी ने जो अपना मैनिफेस्टो छापा उसको पढ़कर बात की। अकालियों ने उसको छापा, उनके नेताओं ने बयान दिए। आज तो ये भाई तरदीद करते हैं लेकिन

इस हाउस के शुरू होने से पहले हरियाणा प्रदेश की जनता पार्टी के किसी नेता ने अकाली पार्टी के नेता के वक्तव्य की तरदीद नहीं की, उसको कन्ट्राडिक्ट नहीं किया। स्पीकर साहब, मैं समझता हूं और इस बात की मुझे पूरी आशा है कि श्री प्रकाश सिंह बादल हरियाणा के साथ कोई अन्याय नहीं करेंगे। मुझे इस बात की पूरी आशा है कि वह इन्साफ करेंगे और भारत सरकार का जो फैसला है उसको आनर करेंगे। मैं तो यहां तक उम्मीद करता हूं कि वे हमारी ज्यादा सहायता करेंगे। मैं नहीं समझता कि कोई ऐसी बात होगी। अकाली पार्टी के मैनिफैस्टो के बारे में कल तो एक साथी शायद दौलता साहब ने यह कह दिया कि वह तो जनता को बहकाने के लिए छाप दिया था। हमें इससे कोई एतराज नहीं, लोग अपने आप समझ जाएंगे कि क्या मैनिफेस्टो थां तो हमें तो डर था इस बात का लेकिन

**13.00 बजे**

मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि हमारे सामने बैठने वाले भाईयों ने, हमारे दोस्तों ने मुझे पूरा यकीन दिलाया है कि हमारा यह सांझा उदेश्य है, साझा काज है। और हम इसके लिये मिलकर लडेंगे और मिलकर स्टैंड लेंगे मैं इनका स्वागत करता हूं और इस बात की सराहना करता हूं और मुझे यह आशा है कि हम इस बात पर एक रहेंगे क्योंकि यह हरियाणा प्रदेश के भविश्य का सवाल है, हरियणा प्रदेश की जिन्दगी और मौत का सवाल है। सच.सी.एस. के ग्रेड बढ़ाये गये परन्तु यह कहना गलत है कि एक

या दो आदमियों के लिये बढ़ाये गये। अगर एक या दो आदमियों के लिये बढाये गये होते तो एक या दो आदमियों को ही मिलता पर यह तो सारे केडर को मिला है।

**चौ. भजन लाल**: जुडिशियरी का नहीं मिला।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: जुडिशियरी का भी हम कंसिडर कर रहे हैं। वे लोग मेरे से मिले थे, मेरी उनसे बात भी हुई थी उनको भी मैंने यह आश्वासन दिया था कि हम आपका ग्रेड भी ऐट पर करेंगे। लेकिन एक दो आदमियों के लिये नहीं। अध्यक्ष महोदय, जुई कैनाल, इन्दिरा गांधी कैनाल, ये सारी बातें मैंने आपके सामने रखी। हां कुछ बातें हमारे एक माननीय सदस्य श्री गौरी शंकर जी ने कहीं, खूब मोटे–मोटे अलजाम लगाये हमारे किसी दोस्त ने कहा था कि शीशे के महल में बैठकर पत्थर नहीं फैकने चाहिए ऐसे कोई बात नहीं कहनी चाहिये, यह कोई अक्लमन्दी की बात नहीं है। मुझे बहुत सारी बाते याद हैं, मुझे बहुत सारी बातें पता है क्या इलजाम लगाते हैं मेरे पास तमाम कागजात मौजूद हैं। एक बात अध्यक्ष महोदय, उन्होने कही कि एक ही आदमी का कंकर या माइन्ज का ठेका दे दिया गया, मेरे पास यह सारा रिकार्ड है यह बिल्कुल गल्त बात है कि किसी एक आदमी को सभी ठेके या सभी माइन्ज दी गई हों। वह लीज के ऊपर दी गयी हैं और सरकार के इंट्रैस्ट में दी गयी हैं। जिन भाईयों का गांव या इलाका ऐसी माइन्ज या देहातों के पास है उनको इस बात का पता होगा कि जब ओपन आकशन की जाती

थी तो गांव वाले पूल कर लेते थे और पूल कर के बहुत कम बोली देते थे, सरकार के रैवन्यू में बहुत कम पैसा आता था। सन् 1973 में एक फलाइंग स्कवैड के द्वारा इस बात की जांच करवाई गयी और फलायंग स्क्वैड की बाकायदा रिपोर्ट है कि इन माइन्ज को एकसपेरीमेंन्टल बेसिज पर लीज पर दिया जाए। अध्यक्ष महोदय, मैं आपको आंकड़े पढ़कर सुना सकता हूं कि किस .... (विघ्न)

**चौ. भजन लाल**: अध्यक्ष महोदय, यह गल्त कह रहे हैं, लाखों रूपये का घपला है जो कि एक ही आदमी को दिये गये हैं, यह बात किसी से छुपी हुई नहीं है।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: अध्यक्ष महोदय, यह गल्त बात है कि आदमियों को ऐसी बातें करना शोभा नहीं देती हैं –(विघ्न)–

**Mr. Speaker**: Order please. No interruption.

**श्री बनारसी दास गुप्त**: अध्यक्ष महोदय, मैं रिकार्ड की बात करता हूं और दावे के साथ कह सकता हूं कि किसी एक ही आदमी को इस प्रकार का ठेका नहीं दिया हुआ है बल्कि डिफरेन्ट आदमियों का ठेके दिये हुये हैं और मैं यह भी पढ़कर सुना सकता हूं कि इन नामों से दिये गये हैं.....

**चौ. भजन लाल**: नाम कोई दिये हुये हों, आदमी तो एक ही है, असलीयत किसी से छुपी हुई नहीं है, हमें सब कुछ पता है (शोर)....(विघ्न)...

**Mr. Speaker**: Order please. No interruption.

**श्री बनारसी दास गुप्त**: अध्यक्ष महोदय, एक खेवड़ा सोनीपत है जब आकशन होती थी तो उसकी आमदनी थी 10211 रूपए और आज है उसकी आमदनी 32300 रूपयें। पालड़ा की पहले आमदनी थी 6 हजार एक सौ 54 रूपये और अब है 2 लाख 80 हजार 50 रूपये (विघ्न).....

**चौ. भजन लाल**: मेरा प्वायंट आफ आर्डर है स्पीकर साहब, अभी मुख्यमंत्री महोदय ने अपनी स्टेटमैंट पढ़कर सुनायी, मैं कहता हूं कि ठेका एक ही आदमी के पास है। अगर ऐसा न हो तो मैं चैलेंज करता हूं यह बात गल्त हो तो मैं इस्तीफा दे दूंगा या फिर मुख्यमंत्री महोदय मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दें, एम.एल.ए. बेशक वे बने रहें।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: अध्यक्ष महोदय, क्या इन्कवारी करवायी जाए, किससे इंकवारी करवायी जाए, किस बात कि इन्कवारी (शोर)..... क्या कोई ऐसा घपला है इसमें .....(शोर).....

**चौ. भजन लाल**: लाखों रूपये का घपला है इसमें (शोर) यह गल्त नहीं है अगर गल्त होगा तो हम अस्तीफा दे देंगे नहीं तो दे दें (शोर)

**Mr. Speaker**: Order please. No interruption.

**श्री बनारसी दास गुप्त**: किस बात का अस्तीफा दे दूं .... .....

**चौ. भजन लाल**: हम तो स्पीकर साहब, जायज बात कहते हैं, मैं अस्तीफा देता हूं नहीं तो ये दे दें (शोर)

**श्री बनारसी दास गुप्त**: आप इस्तीफा दे दो ....

**Mr. Speaker**: Order please. No interruption.

**चौ. भजन लाल**: स्पीकर साहब, मैं सच कहा रहा हूं, लाखों रूपये का घपला है।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: अध्यक्ष महोदय, इन्होंने जो गल्त बात हाऊस में कही हैं यह कोई कहने का तरीका नहीं है और यह कोई डेमोक्रेसी तरीका नहीं है।

**Mr. Speaker**: Order please. No interruption. I will not allow such interruptions.

**श्री बनारसी दास गुप्त**: अध्यक्ष महोदय, यह जो कह रहे हैं, यह * * * * है निराधार है, यह जोश में आकर ऐसी बातें करते हैं, हमने इसकी पूरी तरह से जांच करवायी है ओर फिर इन्कवारी करवाने को तैयार हैं लेकिन इनके तरीके से नहीं .....(शोर)

**चौ. भजन लाल**: जुडिशियल इन्कवायरी करवाओ .....

**श्री बनारसी दास गुप्त**: अध्यक्ष महोदय, हर काम में जुडिशियल इन्क्वायरी नहीं हुआ करती एडमिनिस्ट्रेटिव कामों के अन्दर .....(शोर) यह कोई जुडि ियल इन्क्वायरी की बात है ..... (विघ्न)

**चौ. भजन लाल**: आप अपने आदमियों की एक कमेटी बना लो और उनसे इन्क्वायरी करवा लो यानी हाउस की एक कमेटी बना दीजिए और मैम्बर चाहे आप कांग्रेस पार्टी के ले लें उनसे इन्कवायरी करवा लीजिए अगर इसमें घपला न हो तो मैं इस्तीफा दे दूंगा।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: हां अपने आप ही करवा लेंगे ... ...(शोर)

**Mr. Speaker**: Order please. No interruption.

**श्री बनारसी दास गुप्त**: अध्यक्ष महोदय, यहां तक स्टेट के रेवेन्यू का सवाल है .....

**चौ. भजन लाल**: आप अपनीन कमेटी के आदमियों के द्वारा .....(शोर) (विघ्न)

**श्री बनारसी दास गुप्त**: आप खामोश बैठिये, आप क्या बात कह रहे हैं, यूं ही बीच में बोलते हैं, कुछ ज्याद बोलना आता हैं आपको .....(शोर) खामोश .....

**Mr. Speaker**: Order please. No interruption.

**श्री बनारसी दास गुप्त**: * * * *

**Mr. Speaker**: No interruption. Order please. No interruptions like this.

**श्री बनारसी दास गुप्त**: * * * *

*अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार कार्यवाही से निकलाल दिये गये।

**श्री बनारसी दास गुप्त**: * * * *(Noise)

**Mr. Speaker**: Order please. This is a disorderly behaviour and I shall have to name you.

**श्री बनारसी दास गुप्त**: * * * *

**चौ. भजन लाल**: * * * *

**श्री बनारसी दास गुप्त**: * * * *

**Mr. Speaker**: No interruption. Order please. No interruptions like this.

**चौ. भजन लाल**: * * * *

**श्री बनारसी दास गुप्त**: * * * *

**Mr. Speaker**: Order please. No interruptions like this.

**चौ. भजन लाल**: * * * *

**श्री बनारसी दास गुप्त**: * * * *

**Mr. Speaker**: I shall have to name you. The behaviour of Sh. Bhajan Lal is disorderly.

**श्री बनारसी दास गुप्त**: * * * *

**श्रीमती लेखवती जैन**: स्पीकर साहब, यह सारी कार्यवाही रिकार्ड में नहीं आनी चाहिए क्योंकि लीडर आफ दी हाउस बोल रहे हैं ओर बीच में इन्ट्रस्अ करना कोई अच्छी बात नहीं है। जो इलजाम लगाये गये हैं यह सभी कुछ एक्सपंज होना चाहिए।

**Mr. Speaker**: All this is expunged.

**श्री बनारसी दास गुप्त**: अध्यक्ष महोदय, हमने इनकी बात बड़े सब्र से सुनी है जो उन्होंने इल्जाम लगाये बड़ी शान्ति के साथ सुने, उन्होंने जो बातें कहीं उन सब बातों को हमने बड़े ध्यान से, आराम से सुना, चैलेन्ज करने वाली क्या बात है एक और बात है मैं रिकार्डके फैक्ट्स बतलाता हूं उन सब बातों की इन्क्वायरी भी करवायी जा सकती है, हमारे पास इन्क्वायरी की एजेन्सी भी है, हम सब कुछ कर सकते हैं। यहां से बीड़ घघर नजदीक है

*Expunged as ordered by the Chair.

प्हले हमें यहां से एक लाख 6 हजार 535 यपये मिलते थे और अब मिलते हैं एक लाख 45 हजार रूपये। जिला सोनीपत से 63 हजार रूपया मिलता था और अब 72 हजार यपया मिलता है, सराये

ख्वाजा से 1 लाख 12 हजार 600 रूपये की आमदनी पहले होती थी और अब उससे 2 लाख 22 हजार रूपये की आमदनी होती है, आलमोसट डबल। तहसील कालका के अन्दर से 1 लाख 85 हजाार की आमदनी थी ओर अब उससे 2 लाख 8 हजार की आमदनी होती है। तहसील गुड़गांव के अन्दर 52 हजार 425 रूपये की आमदनी होती थी और अब वहां से 71 हजार 500 रूपये की आमदनी हो रही हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि स्टेट का रेवन्यू बढ़ाया है, स्टेट को फायदा हुआ है बाकायदा उसकी इंकवायरी हुई, फलायग स्क्वैड की सिफारिश के ऊपर यह आक्शन का तरीका बदला गया और अध्यक्ष महोदय एक बात और कहता हूं यह लीज के लिये बाकायदा पब्लिसिटी की जाती है, गजट के अन्दर नोटिफिकेशन आता है। एक अग्रेंजी अखबार में और एक हिन्दी अखबार में यह विज्ञापन दिया जाता है। किसी ने अगर कोई लीज लेनी हो तो वह प्रार्थना पत्र पेश करे। उन पर विचार करने के बाद जिसकी हाइएन्ट ओफर होती है उनको दी जाती है।

**चौ. भजन लाल**: तो फिर क्या हर्ज है अगर जुडिियिशल इन्क्वायरी करवा लो ....

**Mr. Speaker**: Order please. I say no interruption of any kind. कोई इन्ट्रपशन किसी किस्म की न हो। जब आप बोलते थे तो इधर के मैंबरों ने खुद कहा था कि इन्ट्रपशन नहीं होना चाहियें।

**चौ. भजन लाल**: अगर कोई गल्त बात कहे तो कलैरीफिकेशन करनी पड़ती है।

**Mr. Speaker**: Order please. This is not the method ot interrupt. Please go on.

**श्री बनारसी दास**: अध्यक्ष महोदय, किसी एक बात को ये गल्त साबित कर दें, किसी एक बात के खिलाफ ये सबूत करके दिखाएं, मेरे पास आंकड़े लाएं मैं वायदा करता हूं कि हम फौरन एकशन लेंगे। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, मैं आपके सामने कुछ डिवेल्पमैंट की बातें बताना चाहता हूं। हरियाणा प्रदेश के अन्दर कुछ काम इस अर्से के अन्दर हुए। अध्यक्ष महोदय, कोआप्रेटिव विभाग एक बहुत इम्पार्टेट विभाग है जो आज के युग में, समाजवाद के युग में सबसे ज्यादा रोल प्ले कर सकता है। अध्यक्ष महोदय, 1966–67 के अन्दर तमाम कोआप्रेटिव सोसायटियों के मैंबरों की संख्या जहां 9 लाख 23 हजार थी वहां आज वह संख्या 15 लाख 30 हजार है और सोसाइटियों के ओन फंड थे वे 1431 लाख थे और आज वह 6760 लाख हैं तो अध्यक्ष महोदय, आप अन्दाजा लगाएं कि कितना विकास हुआ है। वर्किंग कैपिटल जहां 1967 में 5890 लाख था वह आज 37471 लाख है। इसके अलावा प्रोफिट जहां 1967 के केवल 87 लाख होता था आज वह 621 लाख है। इसी प्रकार बैंकों के कर्जे की बात है। ये तमाम फिग्गर्ज हमारे सामने हैं लेकिन कोई भी बात गल्त तरीके से इस हाउस में नहीं रखी गई। अध्यक्ष महोदय, जहां तक कृशि उत्पादन की बात

है 1968–69 के अन्दर हमारे यहां 27.14 लाख टन पैदा होता था और इस प्रदेश की यह हालत थी कि अन्न की दृश्टि से यह घाटे का प्रदेश था और एक लाख टन अनाज बाहर से मंगा कर गुजारा करता था। आज यह हालत है कि हमारे यहां किसान ने मेहनत की और सरकार की तरफ से साधन उपलब्ध कराए गए और उसका यह नतीजा है कि आज हमारी पैदावार 50.38 लाख टन हो गई है। 15–16 लाख टन अनाज हम हर साल सैंट्रल पूल में देते हैं। इस साल हमने साढ़े पांच लाख टन चावल और 9 लाख टन गेहूं सैंट्रल पूल में दिये। अध्यक्ष महोदय, जहां तक सड़कों का ताल्लुक है जहां तक मुझे याद है कि पहले हरियाणा में 5100 किलोमीटर सड़कें बनीं हुई थीं लेकिन आज वह 15000 किलोमीटर से ऊपर जा चुकी हैं। इस वक्त परसेंटेज के हिसाब से भी 70 प्रतिशत विलेजिज को हमने लिंक कर दिया है। यह सारी विकास की बातें आपके सामने हैं जिनका मैंने अभी जिक्र किया। दौलता साहब ने एक बात कही कि गवर्नर साहब के अभिभाशण में फयूचर के बारे में कोठ बात नहीं कही गई है कि हमारे भावी प्रोग्राम क्या होंगे। मैं उनको आपके द्वारा बताना चाहता हूं कि हमने फयूचर के सारे प्रोग्राम इसके अन्दर लिखे हुए हैं कि हम पानी कितना बढ़ाएंगे, नहरें कहां निकालेंगे, सड़कें कहां बनाएंगे, उद्योग धन्धे कहां लगाएंगे और डेरी विास के काम कहां–कहां करेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं आपको बतलाना चाहूंगा कि आज किसी भी देश सिकी भी प्रदेश को खुशहाल बनाने के लिये और बेकारी और बेराजगारी दूर करने के लिये सबसे बड़ा साधन पानी और

बिजली है। जहां तक बिजली का संबंध है आपको पता है कि हमने दो थर्मल प्लांट फरीदाबाद के अन्दर लगाए और तीसरे प्लांट का काम चल रहा है। हम दो थर्मल प्लांट पानीपत में 110–110 मैगावाट के लगाने जा रहे हैं। एक पर काम तेजी से चल रहा है जोकि अगले साल ही बनकर तैयार हो जाएगा ओर 250 मैगावाट बिजली हमें ब्यास प्रौजैक्ट से मिलेगी। इस पर ही हमने संतोश नहीं किया। दौलता साहब, हमने फयूचर की ही बात नहीं सोची हमने बीस साल आगे की बात सोची है। हमने यह सोचा कि यह तमाम थर्मल प्लांट लगने के बाद और ब्यास से बिजली मिलने के बाद अगले बीस साल में जो हमारी रिक्वायरमैंट होगी क्या हम उसको मीट कर पांएगे। इस बात को सोचकर हमने हिमाचल प्रदेश की सरकार से समझौता किया नापथा झाकरी प्रौजैक्ट को बनाने पर जोकि एक हजार मैगावाट का प्रोजैक्ट है। इस प्रोजैक्ट के ऊपर 400 करोड़ रूपये खर्च होंगें। हमारा एग्रीमैंट साइन हो चुका है और 80 प्रतिशत बिजली के अन्दर हमारा हिस्सा होगा। उस प्रोजैक्ट का हम बनाएंगे। एक तो इससे हमें बिजली मिलेगी और दूसरे ब्यास प्रोजैक्ट पर जो हमारे इंजीनियर्ज और दूसरी लेबर खाली होने वाले हैं उनको काम भी मिलेगा। हमने 20 साल आगे तक की बात सोची है तो यह बात कहना कि भविश्य की बात नहीं सोची, गल्त है। जहां तक नीति और पालिसी की बात है यह बदली नहीं जा सकती। हमारी कांग्रेस की पालिसी लोकतन्त्र, समाजवाद और धर्म निर्पेक्षता की पालिसी है और इसी नीति पर हम काम कर रहे हैं। तो अध्यक्ष महोदय, मैं आपका अधिक समय

न लेते हुए केवल यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि हमें इस बात का कोई लालच नहीं कि हम हमेशा के लिये सत्ता के अन्दर बैठे रहें। मैं तो यह समझता हूं कि वह लोकतन्त्र लंगड़ा है अगर उसमें मजबूत विपक्ष न हो। हमारी बदकिस्मती यही रही कि कांग्रेस के सामने विपक्ष दल मजबूत न बन पाया। अगर मजबूत होता तो शायद कांग्रेस वाले गल्तियों न करते, उनके दिमाग के अन्दर कमी न आती। अध्यक्ष महोदय, यह सत्ता जो होती है यह मदमस्त हाथी की तरह होती है अगर इसके ऊपर विपक्ष का अंकुश न हो तो यह गल्ती कर सकता हैं और खड्ड में गिरा सकता है। हमारी बदकिस्मती यही रही कि आजतक हिन्दुस्तान में मजबूत विपक्ष पनप कर सामने नहीं आया लेकिन आज विपक्ष भी मजबूत है और सरकार भी मजबूत है। सही ढंग से अगर काम चले, लोकतान्त्रिक ढंग से काम चाले और कांस्टीच्यूशनल तरीके से काम चले तो मैं समझता हूं कि हिन्दुस्तान का भविश्य उज्जवल होगा, हम आगे बढ़ेगे और जो सरकार अभी बनी है हमारे प्रदेश की और से उसको पूरा सहयोग मिलेगा। उनकी गाइडैंस के अन्दर हम काम करेंगे और जो आदेश हमें दिये जाएंगे उन आदेशों के ऊपर काम करेंगे लेकिन साथ साथ यह भी आशा रखेंगे कि केन्द्रीय सरकार की ओर से हमें भी पूरा सहयोग मिलेगा। इन शब्दों के साथ सदन से प्रार्थना करता हूं कि इस धन्यवाद प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किया जाए। (तालियां)

**Mr. Speaker**: Question is –

That an Address be presented to the Governor in the following terms:-

"That the Members of the Haryana Vidhan Sabha assembled in this Seasion are deeply grateful to the Governor for the Address which he has been pleased to deliver to the House on the 23rd March. 1977."

The motion was carried.

13.21 बजे

**Mr. Speaker**: The House stands adjourned Sine-die.

(The Sabha then *adjourned Sine-die)